

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 18 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-290 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य ने स्नान से किया इंकार

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थकों से मारपीट के आरोप

**प्रयागराज,18 जनवरी।** प्रयागराज में जारी माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर सुबह आठ बजे तक 1.3 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी है। प्रयागराज के माघ मेले में आज मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम नोज पर बवाल मच गया। श्रद्धालुओं की अत्याधिक भीड़ होने की वजह से प्रशासन ने ज्योति पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर सरस्वती के जुलूस को रोक दिया। पुलिस ने मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन होने का हवाला देते हुए शंकराचार्य को संगम तट पर जाने से रोका था, लेकिन इसके बाद समर्थकों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हो गई। इससे मेला क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। देखते ही देखते बवाल इतना बढ़ गया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्नान से ही इनकार कर दिया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से समर्थकों को धक्का देकर पीछे हटाया। इस कार्रवाई से संतों में




भारी रोष व्याप्त हो गया। प्रयागराज में जारी माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर सुबह आठ बजे तक 1.3 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी है। इससे पूर्व, मकर संक्रांति के अवसर पर 1.03 करोड़ जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखाने के लिए मेला प्रशासन ने खंभों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए हैं और नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक भी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बतया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में लगाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक लोगों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बनाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं।

## स्कूल के पीछे 12.86 लाख के नशीली कैप्सूल के साथ तस्कर बंदी

**जगदलपुर,18 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की बस्तर पुलिस ने 'नशामुक्त बस्तर' अभियान के तहत एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है. बोधघाट थाना पुलिस ने घेराबंदी कर नशीली दवाओं के एक शातिर सौदागर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल जब्त की हैं, जिनकी बाजार में कीमत 12 लाख 86 हजार रुपये से अधिक आंकी गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मिशन ग्राउंड स्कूल के पीछे नशीली दवाओं की खेप खपाने की फिराक में है. इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस की टीम ने दबिश दी. वहां संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मोहम्मद सिराज को पुलिस ने हिरासत में लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से नशीली दवाओं का जखीरा बरामद हुआ. पुलिस ने इस कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से 240 नग (ट्रामोडोल स्पास्मो प्रॉक्सीवोन) नशीली कैप्सूल, बरामद किए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत ₹12,86,400 (खुदरा बाजार मूल्य) है.

# कांग्रेस ने देश का भरोसा खो दिया: मोदी

**गुवाहाटी,18 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की, दूरी स्थानों की। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर केवल अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता बनाया। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से असम को जोड़ने का काम एक साथ शुरू हुआ। लेकिन कांग्रेस ने कभी इसकी परवाह नहीं की। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो असम को बहुत कम रेल बजट मिलता था। लगभग 2000 करोड़ रुपये। अब भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब प्रकृति सुरक्षित होती है तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। आज मैं असम के आप लोगों की, यहां की सरकार की एक और बात के लिए खासतौर पर तारीफ



करूंगा। एक समय था जब काजीरंगा में राइनो के शिकार की घटनाएं असम की सबसे बड़ी चिंता बन चुकी थी। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए। भाजपा सरकार ने तय किया था कि हम ये नहीं चलने देंगे, अब ऐसा नहीं चलेगा।

हमने इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत किया, वन विभाग को आधुनिक संसाधन मिले, निगरानी तंत्र सशक्त हुआ, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई गई। इसका सुखद परिणाम भी सामने आया। 2025 में राइनो के शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई है। बीते कुछ समय में जितने भी चुनाव परिणाम आए हैं, उनका जनादेश स्पष्ट है। देश का वोटर आज गुड गवर्नेंस चाहता है, विकास चाहता है, वो विकास और विरासत दोनों पर फोकस करता है। इसलिए वो भाजपा को पसंद करता है... इन चुनावों का एक और संदेश है। कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को देश लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ था वहां वो आज चौथे या पांचवें नंबर की पार्टी बन गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन गई है। बीते एक-डेढ़ वर्षों से भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिहार में चुनाव हुए। वहां 20 वर्ष बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट दिए हैं। रिकॉर्ड सीटें जिताई हैं। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के बड़े शहरों में मेयर और पार्षदों के चुनाव परिणाम आए हैं। मुंबई जो दुनिया के सबसे बड़े निगमों में से एक है, वहां की जनता ने पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया।

## शराब पार्टी से लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी, 3 की मौत

**जगदलपुर,18 जनवरी।** शहर के कालीपुर इलाके में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलते हुए सीधे तालाब में जा घुसा. हादसे में स्कॉर्पियो सवार 6 युवकों में से 3 युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि 3 की जान बचा ली गई. मृतकों की पहचान भावेश नागे, शेखर नागे और मनीष नेवर के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन की रफ्तार करीब 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे थी. तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और स्कॉर्पियो तालाब में जा गिरी. बताया जा रहा है कि सभी 6 युवकों ने क्रिकेट मैच के बाद जमकर शराब पार्टी की थी. लौटने के दौरान उनकी कार हादसे का शिकार हुई. हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तालाब में उतरकर बचाव कार्य शुरू किया. स्थानीय युवकों की मदद से दो घायलों को बाहर निकाला गया, जबकि पुलिस को भी सूचना दी गई. सूचना पर परपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को तालाब से बाहर निकाला.



**नारायणपुर,18 जनवरी। जनजातीय बहुल बस्तर संभाग की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को सहेजने के उद्देश्य से ओरछा विकासखंड में बस्तर पंडुम 2026 का भव्य आयोजन किया गया।**

# 200 से अधिक ग्रामीणों ने छोड़ा ईसाई धर्म

**कांकेर,18 जनवरी।** कांकेर जिले में धर्मांतरण को लेकर चल रहे विवाद के बीच घर वापसी अभियान का बड़ा असर सामने आया है।



पीढापाल क्षेत्र के 200 से अधिक ग्रामीणों ने ईसाई धर्म त्यागकर अपने मूल धर्म में वापसी की है। इस सामूहिक निर्णय को क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से धर्मांतरण को लेकर असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के बाद अब उसका प्रत्यक्ष असर नजर आने लगा है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अपने पारंपरिक धर्म, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान को अपनाने का फैसला किया।घर वापसी कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी जड़ों, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहना चाहते हैं। इस दौरान आपसी भाईचारे और शांति का संदेश भी दिया गया। धर्मांतरण विवाद के बीच हो रही ऐसी घटनाओं पर प्रशासन भी नजर बनाए हुए है। क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर निगरानी और संवाद की प्रक्रिया जारी है।

## दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दर्जनभर लोग घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक तरफ पुलिस यातायात जागरूकता माह चला रहा है, वहीं दूसरी तरफ सड़क पर हादसों का क्रम नहीं थम रहा है. रविवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाते-जाते बची. हादसों में घायल सवारों को अस्पताल में दाखिल किया गया है. पहली दुर्घटना जशपुर जिले के फरसाबहार थाना क्षेत्र के सिकरीमा की पास हुई, जिसमें माटीपहाड़छर्रा से जशपुर जा रही बालाजी ट्रेवल्स की बस कुत्ते को बचाने के प्रयास में पटल गई. बस में दर्जनों यात्री सवार थे. घायलों को एम्बुलेंस व निजी वाहनों से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. फिलहाल, घायलों की संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है. वहीं दूसरी दुर्घटना बलौदा बाजार जिले के मल्लिन नाला के पास डोटोपार क्षेत्र में आज सुबह घटित हुई. जिसमें आगे का टायर फटने से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सामने से आ रहे टेलर से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए. बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में कुल छह लोग सवार थे.

# बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के घर लाखों की चोरी

**मुंबई,18 जनवरी।** भोजपुरी के मशहूर गायक और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के घर में लाखों रुपये की चोरी हुई है। दिल्ली की उत्तर-पूर्वी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद के मुंबई स्थित आवास में 5.40 लाख रुपये की चोरी हुई है। यह घटना अंधेरी पश्चिम के शास्त्रीनगर इलाके में स्थित सुंदरबन अपार्टमेंट की है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्रकुमार दीनानाथ शर्मा के रूप में हुई है। चोरी का ये पूरा खेल सांसद मनोज तिवारी के पूर्व कर्मचारी ने ही रचा था। मामले में मनोज तिवारी के मैनेजर प्रमोद जोगेंदर पांडेय ने अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्रकुमार दीनानाथ शर्मा के रूप में हुई है, जिसे करीब दो साल पहले नौकरी से हटाया गया था।अंबोली पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता प्रमोद पांडेय पिछले 20 वर्षों से मनोज तिवारी के मैनेजर के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि घर के



बेडरूम में रखी कुल 5.40 लाख रुपये की नकदी चोरी हुई थी। इसमें से जून 2025 में कपाट में रखे 4.40 लाख रुपये पहले ही गायब हो चुके थे, लेकिन उस समय चोरी करने वाले का पता नहीं चल पाया था। चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए दिसंबर 2025 में घर के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसी क्रम में 15 जनवरी 2026 की रात करीब 9 बजे सीसीटीवी अलर्ट के जरिए पूर्व कर्मचारी सुरेंद्रकुमार शर्मा को चोरी करते हुए देखा गया। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि आरोपी के पास घर, बेडरूम और कपाट खोलने की बनावटी चाबियां थीं, जिनकी मदद से वह आसानी से घर में प्रवेश करता था।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी से की पूछताछ-** पुलिस के अनुसार, आरोपी ने उसी रात करीब एक लाख रुपये की चोरी की थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद अंबोली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# छग में महिलाएं असुरक्षित : गूंजन

**रायपुर,18 जनवरी।** महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री गुंजन सिंह तथा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने पत्रकार वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में शिकार हो रही है। राजधानी में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना मन को झनझोर देता है। कोरबा में एक युवती का धारदार हथियार से गला काट दिया जाता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सरकार महिलाओं को भयमुक्त सुरक्षित



अपराध अनकंट्रोल हो गया है तथा महिलाएं असुरक्षित हो गयी है। राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध चिंतनीय स्तर तक बढ़ गये है। गृह मंत्री ने विधानसभा में जो अपराध के आंकड़े दिये है उसके अनुसार प्रदेश में हर एक साल के भीतर 3191 बलात्कार की घटनाएं हुई है, इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 दुराचार की घटनाएं हो रही है। अर्थात राज्य में हर 3 घंटे में एक महिला दुराचार की जीवन जीने का वातावरण देने में असफल साबित हुई है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बदहाल है, छत्तीसगढ़ राज्य अपराध और नशाखोरी का गढ़ बन गया है। रायपुर राजधानी में रोजाना औसतन 1 से 2 हत्याएं हो रही है। आज प्रदेश का कोई शहर ऐसा नहीं बचा जहां हत्या, दुष्कर्म और चाकूबाजी की घटनाएं न हो रही हो। भाजपा के 2 साल के शासन में ड्रग्स, अफीम, गांजा, हीरोइन और अवैध शराब बिना रोक-टोक बिक रही है, हर चौक-चौराहे पर नशीली वस्तुएं बेचने वाले गैंग सक्रिय है, जिससे अपराध बढ़ रहे हैं और नशेड़ियों का जमवाड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अपराधियों का हौसला बुलंद होता जा रहा है, खाकी वर्दी का भय समाप्त हो गया है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार भाजपा की है लेकिन देश की सीमा सुरक्षित नहीं है, तभी पाकिस्तान से ड्रग्स छत्तीसगढ़ पहुंच रही, गृह मंत्री केवल बयानबाजी कर रहे हैं और पुलिस विभाग अवैध वसूली में लिप्त है।

गरियाबंद जिले में अश्लीलता नाच का प्रदर्शन होता रहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता मजा लेते रहे, अश्लील हरकत के साथ पैसे लुटाते रहे। जशपुर के सरकारी रेस्टहाउस में अश्लीलता डांस होता रहा और भाजपा के नेता अय्याशी में व्यस्त थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री रामविचार नेताम से अश्लीलता डांस के बारे में प्रश्न किया जाता है तो वह अश्लील डांस की तुलना राम भजन से करते है और कहते है कला तो कला होता है चाहे जैसे प्रदर्शन किया जाए।

# चीफ जस्टिस के निर्देश पर 14 जजों को मिली जिलों की पोर्टफोलियो जिम्मेदारी

**बिलासपुर,18 जनवरी।** बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने पोर्टफोलियो जजों की सूची जारी कर दी है। इस आदेश के तहत हाईकोर्ट के 14 जजों को छत्तीसगढ़ के सभी 33 राजस्व जिलों की प्रशासनिक व न्यायिक निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकांश जजों को दो-दो जिलों का पोर्टफोलियो दिया गया है।

### मुख्य आवंटन इस प्रकार हैं

जस्टिस संजय के. अग्रवालः कोरबा व जांजगीर-चांपा
जस्टिस संजय अग्रवालः धमतरी व दक्षिण बस्तर
जस्टिस पीपी साहूः सरगुजा व कोरिया
जस्टिस रजनी दुबेः बिलासपुर व बेमेतरा
जस्टिस एनके व्यासः राजनांदगांव
जस्टिस एनके चंद्रवंशीः दुर्ग व बालोद
जस्टिस सचिन सिंह राजपूतः रायगढ़
जस्टिस राकेश मोहन पांडेयः बलौदाबाजार व जगदलपुर
जस्टिस राधाकिशन अग्रवालः सूरजपुर
जस्टिस संजय कुमार जायसवालः कोंडागांव व मुंगेली
जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवालः महासमुंद व उत्तर बस्तर कांकेर
जस्टिस अरविंद कुमार वर्माः बलरामपुर-रामानुजगांव
जस्टिस बीडी गुरुः रायपुर व कबीरधाम कवर्धा
जस्टिस एके प्रसादः जशपुर

### पोर्टफोलियो जजों की मुख्य जिम्मेदारी



पोर्टफोलियो जज अपने आवंटित जिलों में अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों (जैसे सिविल जज, मजिस्ट्रेट) के प्रशासनिक कार्यों की निगरानी करते हैं। इनमें छुट्टियों व मुख्यालय छोड़ने की अनुमति देना, कार्यभार वितरण, तथा न्यायिक प्रक्रियाओं का सुचारु व निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करना शामिल है। यह व्यवस्था न्यायपालिका की कार्यकुशलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।रायगढ़ जिले के लिए जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की नियुक्ति से स्थानीय न्यायिक मामलों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

# मनरेगा से गांव में मिल रहे रोजगार से ग्रामीणों में भारी उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 18 जनवरी।** जिले में वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिलने से ग्रामीण बहुत उत्साहित है। विकासखंड कवर्धा, बोडला, सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया के लगभग सभी ग्राम पंचायतो में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से बड़ी मात्रा में निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं जिसमें ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिलने से उत्साहित है। विगत कई दिनों से औसतन 32000 से अधिक ग्रामीणों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है और रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार अग्रणी पंक्ति में बना हुआ है। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना अंतर्गत कई पैरामीटर में जिला कबीरधाम पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है। जिसमे सर्वाधिक दिव्यांगों को रोजगार जिले में योजना अंतर्गत 1994 दिव्यांगों को रोजगार प्रदाय किया गया है जो प्रदेश में सर्वाधिक है। सर्वाधिक महिलाओं को रोजगार जिले में 100597 पंजीकृत महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है।सर्वाधिक पंजीकृत परिवारों को रोजगार जिले में 101405 पंजीकृत परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है।मानव दिवस रोजगार में अग्रणी जिले में 35 लाख 60 मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को दिया गया है जो कि प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।प्रतिदिन ग्रामीणों को रोजगार प्रतिदिन ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने के मामले में भी कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। यहां औसतन 32000 से अधिक मजदूरों को प्रतिदिन रोजगार मिल रहा है। कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया की जिले के 427 ग्राम पंचायतो में 3532 निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यो से ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है। प्रभारी सीईओ विनय कुमार पोयाम अभी तक 3347 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार मिला है।

कार्रवाई



**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संडे मार्केट सुपेला में अतिक्रमण पर आज सवेरे से की जा रही कार्रवाई।

## एक नजर

### कुम्हारी में महिला की मिली सड़ी-गली लाश



**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के श एक अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची। आशंका है कि महिला की हत्या के बाद शव को फेंका गया है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह सामने आएगी। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरुर्षोत्तम कुर्रे ने बताया कि शनिवार की दोपहर दो बजे सूचना मिली कि परसदा कैवल्यधाम के पीछे खेत में अज्ञात शव पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर देखा तो शव लगभग 7 दिन पुराना है। मृतक महिला की उम्र 40 से 45 वर्ष हो सकती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं कुम्हारी पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाल रही है।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पद्मनाभपुर पुलिस ने सेक्टर-1 निवासी मोहम्मद उमर अली (26 साल), पिता जुल्फिकार अली के खिलाफबलात्कार का मामला दर्ज किया है पद्मनाभपुर ने बताया कि आरोपी ने युवती को शादी का भरोसा दिलाकर अपने जाल में फंसाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए करीब तीन साल तक दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया।

### ओपन हाफ मैराथन का आयोजन 8 फरवरी को

**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेलभिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रविवार 8 फरवरी को ओपन हाफमैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें तीन प्रतिस्पर्धात्मक श्रेणियाँ—21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर तथा 5 किलोमीटर—निर्धारित की गई हैं, ताकि अनुभवी एथलीटों के साथ-साथ शौकिया धावक, युवा वर्ग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिक भी उत्साहपूर्वक भाग ले सकें। खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी की सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक-पृथक आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। व्यापक सहभागिता एवं खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी की सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक-पृथक आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हाफमैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। आयोजन के लिए एक समर्पित वेबसाइट शीघ्र ही लॉन्च की जाएगी, जिसके माध्यम से पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### भागवत आचार्य युवराज पाण्डेय का कवर्धा में शानदार स्वागत



**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा सुप्रसिद्ध कथा वाचक भागवत आचार्य युवराज पांडे जी का स्वागत अभिनंदन कवर्धा के मिनीमाता चौक में सतनामी समाज के द्वारा भव्य रूप से किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार घृतलहरे दिलीप ग्रीट लहरे सूरदास दरिया, मनोज बंजारे, धनेश दिलावर, धन साय भास्कर, समस्त सतनामी समाज उपस्थित रहे।

### निधन

### आचार्य पवन द्विवेदी



**उतई, 18 जनवरी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर, महेश नगर के आचार्य पं. पवन द्विवेदी निवासी घुघवा का आकस्मिक निधन 17 जनवरी शनिवार को हो गया। दिवंगत आचार्य पवन द्विवेदी धार्मिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके निधन को मंदिर परिवार, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा 18 जनवरी रविवार को प्रातः 8 बजे निज निवास, महेश नगर से निकाली गयी।

# 205 ग्राम अफीम सहित दो गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 जनवरी।** अफीम के अन्तर्राज्यीय नेटवर्क पर पुलिस ने कार्रवाई कर अफीम की खरीदी-बिक्री में संलिप्त 02 और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर 205 ग्राम अफीम सहित नगदी, मोबाइल व मोटरसाइकिल जब्त किया है इस प्रकरण में अब तक 3 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर थाना भिलाई नगर क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक सेक्टर-06 के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम रखकर उसकी बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी बलवीर सिंह निवासी सेक्टर-06 को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 205 ग्राम अफीम, एक मोबाइल फोन एवं अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की। पूछताछ के दौरान आरोपी बलवीर सिंह ने अफीम की खरीदी-बिक्री रामबाबू के माध्यम से किए जाने तथा अफीम की सप्लाई स्वरूप सोनी द्वारा किए जाने की जानकारी दी गई। उक्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को चिन्हित कर रामबाबू उर्फ कैम्बो (45 साल) निवासी सेक्टर-06 व स्वरूप सोनी (28 साल) निवासी गीदम, जिला दंतेवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी और अड्डेबाजी करने वाले 94 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 18 जनवरी।** आपरेशन विश्वास के तहत रातभर चले विशेष अभियान में अड्डेबाजी व सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी करने वाले 94 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में 16 जनवरी की रात में एक साथ इस अभियान को अंजाम दिया गया। राजपत्रित अधिकारियों की सीधी निगरानी में यह कार्रवाई हुई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि जिले में अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन एवं उससे उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत 16 जनवरी की रात्रि को जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन विशेष अभियान चलाया गया इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ा संदेश देना था अभियान के दौरान अड्डेबाजी करने एवं सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वाले कुल 94 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई थाना सुपेला में 21, मोहन नगर में 10, थाना छावनी में 9, पुरानी भिलाई में 8, पाटन में 7, वैशाली नगर में 6, कुम्हारी एवं खुर्सीपार में 55, जामुल एवं अमलेश्वर में 44, पुलगांव, दुर्ग, धमधा में 33 और नेवई, अण्डा, रानीतराई, जामगांव एम में एक एक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

## जिले के व्यापारियों की राय शराब बिक्री बंद होनी चाहिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 18 जनवरी।** कबीरधाम जिले में गांवों और शहरों में युवाओं में गुटखा खाने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है। गरीब परिवार, मजदूरों में शराब पीने की आदत लगातार बढ़ना चिंताजनक है। जिस पर चर्चा करते हुए उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी और व्यापारी संजय जायसवाल ने कहा की अब समय आ गया की शराब बिक्री को बंद करने की घोषणा पर विचार करना चाहिए। कई महिलाओं ने भी कहा की आखिर लोग इतनी शराब क्यों पीते है। सरकार को शराब बंदी पर विचार करना चाहिए। जब तरुण छत्तीसगढ़ ने नाम पूछा तब महिलाओं ने कहा की कृपया करके नाम ना पूछे। शराबियों को समझना भी मुश्किल है की शराब पीने से लीवर फेफड़ा खराब होता है। जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों को गंभीरता से गांव गांव में नशा मुक्त अभियान के बैनर पोस्टर लगाना की गुटखा ना खाए और शराब ना पिए क्योंकि बहुत सारी बीमारी होने की संभावना रहती है।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 350 लोहे के कड़े किए हैं जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 जनवरी।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों व अन्य भीड़--भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस द्वारा व्यापक पुलिस बल तैनात कर विशेष अभियान चलाया गया पुलिस द्वारा पाया गया कि कुछ असामाजिक किस्म के युवक लोहे के बड़े-बड़े कड़े पहनकर भीड़-भाड़ में अड्डेबाजी कर रहे थे ऐसे तत्वों को तत्काल चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कड़े उतरवाए। उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई अभियान के अंतर्गत लगभग 350 लोहे के कड़े पुलिस द्वारा जब्त किए गए पुलिस ने चेतावनी दी है कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएं पहनकर घूमने, भय का वातावरण निर्मित करने अथवा कानून व्यवस्था को चुनौती पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने यातायात जागरूकता रैली निकाल दिया सुरक्षा का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर 17 जनवरी को स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, कवर्धा के स्कूली बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकालकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के निर्देशन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी उप निरीक्षक अजयनकांत तिवारी के नेतृत्व में किया गया।ली में स्कूली बच्चों ने हाथों में यातायात जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं, सीट बेल्ट लगाएं, सुरक्षित रहें, नशे में वाहन न चलाएं, ओवर स्पीड नहीं, सेफस्पीड जैसे नारों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर मुख्य चौक-चौराहों तक पहुंची, जहां यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण, यातायात पुलिस का स्टाफएवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कबीरधाम पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को अपनी आदत बनाएं।

## भगवान भक्तों के अधीन : गरिमा



**उतई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भक्त विदुर कथा की भावपूर्ण कथा प्रसंग में देवी जी ने कहा भगवान भक्तों के वश में होते हैं।द्वितीय दिन की कथा का वर्णन करते हुए सृष्टि वर्णन एवं भक्ति विदुर की कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। परमात्मा पदार्थ से नहीं अपितु प्रेम से प्रसन्न होते हैं प्रेम के वश में होकर भगवान दुर्योधन का आमंत्रण अस्वीकार कर बिना आमंत्रण स्वयं भक्त के घर आतिथ्य स्वीकार किये। और विदुर विदुरानी को अनुग्रहित किये। सृष्टि कथा का वर्णन करते हुए देवी जी ने कहा सारा संसार सत्य रूपी परमात्मा से ओतप्रोत है। भागवत की दृष्टि में संपूर्ण जगत ही परमात्मा का विराट स्वरूप है ईश्वर की व्यापकता का सुंदर चित्रण करते हुए भगवान को सरल भाव में भक्तों को बताए। जिसके बिना हम एक पल भी नहीं रह सकते उसे ही भगवान कहते हैं व्यक्ति एवं वस्तुओं के फेर में पड़कर सारी जिंदगी भगवान की तलाश में भटकते हैं वायु आकाश पवन पानी अग्नि सूर्य यह सभी भगवान के सगुण प्रत्यक्ष स्वरूप हैं सियाराम मय सब जग जानी का भाव यही है। भागवत के भगवान कण कण में है अदृश्य नहीं अपितु साकार रूप में अवलोकन कर सकते हैं। जिसके लिए हृदय में भक्ति देवी का होना आवश्यक है उक्त उद्गार देवी जी ग्राम तेलीगुण्डरा पाटन में धनेश्वर साहू जी श्रीमती नन्दिनी साहू द्वारा आयोजित कथा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्रवचन का लाभ ले रहे हैं।

## आयुक्त ने जोन-5 का निरीक्षण कर निरंतर सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 जनवरी।** शहर के समग्र एवं सुव्यवस्थित विकास के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन-5 क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उद्यान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, डोम शेड, खेल सामग्री एवं टेनिस कोर्ट को अधिक सुविधायुक्त और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही जनसुविधाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं अभियंताओं को विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा जोन-5 सेक्टर-5, सड़क क्रमांक 12 में निर्मित डोम शेड का अवलोकन कर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। सड़क क्रमांक 12-13 में स्थित उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान परिसर में जल व्यवस्था, मंच एवं नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था करने कहा गया। साथ ही उद्यान में पूर्व से स्थापित खेल सामग्री का समुचित संधारण कराने के निर्देश दिए गए, जिससे बच्चे सुरक्षित रूप से खेल सामग्री का उपयोग कर सकें। आयुक्त ने सड़क क्रमांक 14-15 में स्थित टेनिस कोर्ट का भी निरीक्षण किया और खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा वाटर एटीएम को जल उपलब्धता के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने कहा गया। समीपस्थ उद्यानों का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने सिंचाई एवं प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए पौधारोपण कराने तथा खेल सामग्री के संधारण के निर्देश भी दिए।

## यूथ सिख सेवा समिति चलाएगी घर वापसी अभियान : इंद्रजीत सिंह



**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड में गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत बाबा रणजीत सिंह खालसा ढडरियांवाले का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति, भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू विशेष रूप से उपस्थित रहे। समागम के दौरान सिख समाज की सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय योगदान हेतु यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह एवं महासचिव जसवंत सिंह सैनी को संत बाबा रणजीत सिंह खालसा द्वारा सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच से संबोधित करते हुए संत बाबा रणजीत सिंह खालसा ढडरियांवाले ने यूथ सिख सेवा समिति, भिलाई द्वारा सिख समाज के उन लोगों की घर वापसी की अपील की पहल की सराहना की, जो विभिन्न कारणों से अन्य धर्म-पंथों में धर्मान्तरित हो गए हैं। उन्होंने सिख समाज से इस विषय पर जागरूक होने, समाज को एकजुट रखने तथा गुरमत के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संत जी ने यह संदेश भी दिया कि यदि ऐसे परिवार या व्यक्ति पुनः सिख धर्म में घर वापसी करते हैं, तो यूथ सिख सेवा समिति, भिलाई द्वारा उन्हें सामाजिक, धार्मिक एवं मानवीय स्तर पर हर संभव सहयोग एवं सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे वे सम्मानपूर्वक एवं सहज रूप से पुनः समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### बैकुंठ धाम क्षेत्र का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का औचक दौरा कर

# कचरा पाइंट और सौंदर्यीकरण कार्यों के सुचारु संचालन के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 जनवरी।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन-3 अंतर्गत बैकुंठ धाम क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर, जीवीपी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत निर्मित दुकानों का जायजा लिया गया। आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 में स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथक्करण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने ई-रिक्शा एवं ऑटो टिपर के माध्यम से बीट चार्ट अनुसार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नागरिकों द्वारा कचरा फेंके जाने वाले जीवीपी पॉइंट का सौंदर्यीकरण कार्य देखा गया। साथ ही वार्ड में सड़क किनारे लगाए गए पेवर ब्लॉक का अवलोकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। रोड साइड अतिक्रमण कर टेंट एवं अन्य प्रकार के व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश आयुक्त द्वारा दिए गए। आयुक्त ने दीवारों एवं चौक-चौराहों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## नगर निगम क्षेत्र में चल रहा मच्छर उन्मूलन का व्यापक अभियान



**भिलाई, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम लगातार संचालित किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का विशेष दस्ता तथा जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घर-घर सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियान के अंतर्गत स्प्रे पम्प के माध्यम से मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु पानी में मिश्रित एक्वागार्ड तथा व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही कूलर, पानी की टंकी, ड्रम, कंटेनर, फ्रिज ट्रे, टायर, गमले सहित उन सभी स्थानों की जांच की जा रही है, जहां पुराने पानी का जमाव पाया जाता है। जिन स्थानों पर लार्वा पाया गया, वहां उसका वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन किया गया। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से 16 जनवरी 2026 तक कुल 19,985 घरों का सर्वे किया गया। इस दौरान 3,708 कूलर, 2,705 पानी की टंकियां, 3,550 ड्रम, प्लास्टिक एवं अन्य कंटेनरों में जमा पुराने पानी को खाली कराया गया। आम नागरिकों में डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 3,350 पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

## एक नजर

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 18 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 सहित तम्बाकू मुक्ति के लिए अन्य कानून, तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत के संबंध में बताया गया। राज्य सलाहकार डॉ. आनंद वर्मा द्वारा सभी विभागों को समन्वय कर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत चालानी कार्य, शालाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित करना तथा ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त करने के दिशा निर्देश के संबंध में जानकारी दी गई। जिला कानूनी सलाहकार ख्याति जैन द्वारा कोटपा अधिनियम एवं अन्य तंबाकू नियंत्रण कानून की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा जिले में तम्बाकू नियंत्रण हेतु कोटपा चालानी एवं सभी शालाओं व शासकीय कार्यालय को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर तंबाकू मुक्त बनाने कहा। उन्होंने तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार डॉ. निहारिका टोपनो, सामाजिक कार्यकर्ता गीतू साहू सहित पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, दन्त चिकित्सक सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

क्रमांक 103 ----------------

### स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं खनिज स्थाई समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव 18 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं खनिज स्थाई समिति की बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव के प्रथम तल के सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण जिला पंचायत, खनिज विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य कराने के कहा गया। साथ ही गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बंद पड़े हैण्डपम्पों को शीघ्र सुधार करने निर्देशित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कहा गया तथा प्लास्टिक री-सायकल हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने के संबंध में निर्देशित किया गया। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक में समिति की सभापति श्रीमती किरण विनोद बारले, सदस्य श्रीमती बीरम मंडावी, सदस्य श्रीमती शीला राकेश सिन्हा, समिति के सचिव व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, ईई लोक स्वास्थ्या यांत्रिकी विभाग श्री पलक कोठारी, जला समन्वयक एसबीएम जिला पंचायत श्री छोटे साहू, डीएमईआईओ स्वास्थ्य विभाग श्रीमती रहीशा बेगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में की गई 41 पुरुषों की नसबंदी

**राजनांदगांव 18 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में पुरूष नसबंदी के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक शुक्रवार को पुरूष नसबंदी के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 9 जनवरी 2026 को आयोजित शिविर में 25 एवं 16 जनवरी 2026 को आयोजित शिविर में 16 पुरूषों द्वारा पुरूष नसबंदी करायी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. सतीश चन्द्रवंशी एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा 41 सफल पुरूष नसबंदी की गई है।

### नीट परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**राजनांदगांव 18 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा नीट परीक्षा 2026 के लिए निर्धारित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिले में कुल 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिनका समुचित रूप से भ्रमण एवं मूल्यांकन किया गया। जिले से लगभग 2026 परीक्षार्थी नीट परीक्षा 2026 में सम्मिलित होंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी परीक्षा कक्षों, परिसर, सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं का व्यवस्थित निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री अनिकेत साहू, केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य एवं नोडल सिटी कोऑर्डिनेटर श्री मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की तैयारी की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए सुरक्षित, शांत एवं निष्पक्ष परीक्षा वातावरण उपलब्ध होना चाहिए।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुरुद में एसएमडीसी की बैठक में वार्षिक पत्रिका 'सृजन' के प्रकाशन का निर्णय

- हिंदी माध्यम सेटअप की मांग और गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर बनी रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरुद 18 जनवरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कुरुद में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (स्कूष्ट) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रसन्न नायडू ने की। इस अवसर पर विद्यालय के विकास और आगामी शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। 'सृजन' पत्रिका का पुनः प्रकाशनः विद्यालय की बौद्धिक और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक पत्रिका 'सृजन' को पुनः प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्ययोजना की जिम्मेदारी व्याख्याता राजेश पाण्डेय को सौंपी गई है।

हिंदी माध्यम सेटअप हेतु प्रयासः बैठक में विद्यालय में हिंदी माध्यम के सेटअप की मांग को लेकर विशेष चर्चा हुई। सदस्यों ने शासन स्तर पर इस मांग को मजबूती से रखने और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास करने का संकल्प लिया। आगामी 26 जनवरी के भव्य आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं की सहभागिता और कार्यक्रम की गरिमा को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण बैठक में सांसद प्रतिनिधि कमल शर्मा, ऋषि सोनी, चिरायु सिन्हा, और राज देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य डी. के. साहू, पेमेंद्र निर्मलकर,व्याख्याता धनंजय ठाकुर एवं टी. एस. साहू ने भी चर्चा में भाग लिया और विद्यालय की प्रगति हेतु अपने सुझाव साझा किए। अध्यक्ष प्रसन्न नायडू ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सर्वसुविधायुक्त शैक्षणिक माहौल प्रदान करना है और 'सृजन' का प्रकाशन इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। वही सांसद प्रतिनिधि कमल शर्मा, ऋषि सोनी, चिरायु सिन्हा एवं राज देवांगन ने हिन्दी माध्यम हेतू पर्याप्त सेटअप नही होने को चिंता जनक बताते हुए आवश्यक प्रयास किये जाने की बात रखी.

## रासेयो के तत्वावधान में नगरी थाना पुलिस के सहयोग से जागरूकता संगोष्ठी में

# फरसियाँ के स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम, नशा मुक्ति व यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 18 जनवरी।** ऑनलाइन ठगी की बढ़ती घटनाओं, नशे के दुष्परिणामों और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फ़रसियाँ में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के तत्वाधान में नगरी थाना पुलिस के सहयोग से जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरी थाना प्रभारी चक्रधर बाघ ने कहा कि साइबर ठगी आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है, जो न केवल व्यक्ति की वर्षों की कमाई को क्षणभर में खत्म कर देती है, बल्कि मानसिक तनाव, पारिवारिक संकट और सामाजिक अपमान का कारण भी बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंजान कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी मांगने वाले संदेश, ऑनलाइन लॉटरी और केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर अपराध की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत नजदीकी थाना, साइबर सेल या 1930 हेल्पलाइन पर सूचना देना चाहिए। प्रधान आरक्षक गोपी चंद्राकर ने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और सीवीवी नंबर किसी के साथ साझा न करें। ऑनलाइन लेन-देन केवल सुरक्षित और विश्वसनीय वेबसाइट या ऐप से ही करें। मजबूत पासवर्ड, टू-स्टेप वेरिफिकेशन और एंटीवायरस का उपयोग सुरक्षा को और मजबूत बनाता है। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी की शिकायत cybercrime.gov.in पर भी दर्ज की जा सकती है। सड़क सुरक्षा विषय पर आरक्षक योगेश साहू ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। नशे की हालत में वाहन न चलाएँ, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएँ और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें। पैदल यात्रियों को ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना चाहिए। नशा मुक्ति पर प्राचार्य नीरज कुमार सोन ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर शौक या मित्रों के दबाव में होती है, जो धीरे-धीरे लत में बदल जाती है। नशा व्यक्ति की सेहत, परिवार और समाज तीनों को नुकसान पहुँचाता है। युवाओं को खेल, योग, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाकर नशे से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रासेयो के सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, रासेयो पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों की बैठक में कई विषयों पर विचार किया गया



**तिल्दा नेवरा 18 जनवरी।** आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी कल्याण संघ की बैठक होटल ब्लिस इन रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें राज्य भर के विभिन्न जिलों से अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में ग्रेड पे वृद्धि के साथ ही पदोन्नति के अवसर बढ़ाने संबंधी मांगो की प्रगति एवं आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के शुभारंभ में अध्यक्ष श्री जितेंद्र साव ने सभी मांग आवेदनों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए भावी रणनीति के संबंध में चर्चा आरंभ की। सदस्यों ने उग्र आंदोलन एवं पूरी ताकत के साथ आगे रणनीति बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। इसके साथ ही अन्य विकल्प भी खुले रखने पर सर्व सम्मति से सहमति दी। ज्ञात हो कि महिला बाल विकास विभाग शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का नोडल विभाग है जमीनी स्तर पर विभाग के मूलभूत कार्यों के संपादन, संचालन का दायित्व परियोजना अधिकारियों पर होता है, वर्षों से यह वर्ग अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से गुहार कर रहा है पदोन्नति के अवसर इतने सीमित हैं की 25 सालों में इनकी पदोन्नति हो पाती हैं ऐसी स्थिति में पदोन्नति के अवसर बढ़ाना और साथ ही वेतन वृद्धि होना भी अति आवश्यक है।

परियोजना अधिकारियों ने एक सुर में युद्ध स्तर पर इसके लिए प्रयास का निर्णय लिया। निर्णयानुसार माह जनवरी में विभागीय सचिव एवं माननीय मंत्री महोदया से मिलकर आह्वान किया जाएगा, माह फरवरी के पश्चात अन्य विकल्पों पर भी आगे कदम बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जिस बाबत समितियों का गठन उक्त बैठक में किया गया। बैठक के अंत में सचिव सुमीत गंडेचा ने बैठक में निर्णित आगामी रुपरेखा एवं सतत बैठक आयोजन का विवरण रखते हुए आभार प्रदर्शन किया।

बैठक में अध्यक्ष जितेंद्र साव के साथ उपाध्यक्षगण मिलिंद द्विवेदी बिलासपुर, मोहम्मद इमरान अख्तर भरतपुर, संदीप पटेल रायगढ़, श्रीमती रंजना ठाकुर रायपुर, सचिव सुमीत गंडेचा धमतरी, कोषाध्यक्ष ऋषि बंजारे गरियाबंद, सह सचिव सु श्री रीना ठाकुर, स्थापना प्रभारी जागेश्वर सोरी बालोद एवं मुंगेली से राजेंद्र गेंदले, वीरेंद्र खरे, कबीरधाम से बृजेश सोनी, नमन देशमुख, गरियाबंद से चंदू साहू, दुर्ग से श्रीमती उषा झा, पद्मजा सिंहा, छाया वर्मा, बालोद से खलेश्वरी नेताम, राजनांदगांव से शिल्पा तिवारी, मोहल्ला से श्रीमती दीक्षा वैद्य, धमतरी से प्राची शर्मा, सोमेंद्र साहू, बलौदाबाजार से चंद्रहास साहू, विकास सिंह एवं अन्य साथी तेजस्वी ध्रुव, सुनील बंजारे संजय पोटाई आदि उपस्थित रहे।

## मूक माटी ट्रेन का डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में किया गया स्वागत

**डोंगरगढ़ 18 जनवरी।** जबलपुर से रायपुर चलने वाली मूक माटी इंटरसिटी एक्सप्रेस का 17 जनवरी 2026 को डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया. डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन के स्टेशन मास्टर एवं उपस्थित रेल्वे के सभी स्टाफ को मिठाई वितरित किया गया. ट्रेन ड्राईवर को तिलक लगाकर, माला पहनाकार एवं मिठाई वितरित किया गया साथ ही ट्रेन को फूल की मालाओं से सजाया गया एवं उसमे बैठे यात्रियों को भी मिठाई, बिस्कुट एवं चाकलेट वितरित किया गया. उपस्थित गुरु भक्तों ने बैंड बाजे के धुन में खूब थिरके एवं ट्रेन भी लगभग 2 घंटे विलंभ से आयी जिसके चलते गुरु भक्तों की काफी भीड़ स्टेशन में जमा हो गयी थी और सभी में काफी हर्ष और उत्साह का माहोल था. 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी द्वारा रचित महाकाव्य ÷मूक माटी÷ के नाम से यह ट्रेन का नाम रखा गया है. मूक माटी महाकाव्य में पैरों से रोंदने वाली माटी को सर पर धारण करने वाले कलश तक की यात्रा का वर्णन किया गया है और साथ ही संसार की विचित्र दशा का काव्य के माध्यम से वर्णन किया गया है की किस तरह एक आम व्यक्ति भी संयम, त्याग, तप, लगन, मेहनत और ईमानदारी से परमार्थ को प्राप्त कर सकता है. इस महाकाव्य ÷मूक माटी÷ का कई भाषा में अनुवाद कर संस्करण भी प्रकाशित हुआ है जैसे ङ्क हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, तेलुगु आदि .श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन ,कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव सुरेश चन्द जैन, श्री दिगम्बर जैन युवा मंडल, जाग्रति महिला मंडल, श्वेताम्बर जैन समाज, ओश्वल जैन समाज, महेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, सिक्ख समाज, यादव समाज, महार समाज, साहू समाज, भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सर्व समाज के सभी श्रेष्ठी जन उपस्थित थे।



## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र नगरी में ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 18 जनवरी।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नगरी में 18 जनवरी को संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़े भाई-बहनों ने भाग लेकर ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सेवा केंद्र राजऋषि भवन परिसर में ब्रह्मा बाबा की झोपड़ी एवं पावर ऑफ पीस टावर का आकर्षक निर्माण किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक सामूहिक राजयोग ध्यान से हुई, जिसमें सैकड़ों साधकों ने सहभागिता की। इसके पश्चात मुरली क्लास का आयोजन किया गया, जिसमें आध्यात्मिक जीवन मूल्यों एवं आत्मिक शांति पर प्रकाश डाला गया। मुरली क्लास के उपरांत सभी उपस्थित भाई-बहनों ने ब्रह्मा बाबा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे परिसर में शांति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी भावना बहन ने सभी भाई-बहनों को भोग वितरित किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन मानव कल्याण, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा दिया गया राजयोग ज्ञान आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है। श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित सभी भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करने वाला पति गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 18 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मर्ग क्र. 137/2025 मृतिका धनेश्वरी ध्रुव पति दीपक ध्रुव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली की जांच तस्दीक पर यह ज्ञात हुआ की मृतिका शादी होकर आरोपी दीपक ध्रुव के घर ग्राम बिटकुली आई थी। शादी के बाद आरोपी दीपक ध्रुव द्वारा लगातार शराब पीने के लिए पैसा मांगते हुए गाली गुप्तार कर मृतिका से लड़ाई झगड़ा किया जाता था। उक्त प्रताड़ना एवं प्रतिदिन की लड़ाई झगड़ा से तंग आकर दिनांक 04.12.2025 को दोपहर 13 :30 बजे मृतिका द्वारा घर के कमरा अंदर स्वयं की साड़ी से फंद्दा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा मर्ग जांच कार्यवाही के दौरान मृतिका के माता-पिता, परिजनों एवं ग्राम बिटकुली में पड़ोसियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें पति दीपक ध्रुव द्वारा शराब पीकर लगातार अपनी पत्नी को लड़ाई झगड़ा एवं गाली गुप्तार करना बताया गया।

## 7 फरवरी को होने वाली राम कथा की तैयारी को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने ली बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 18 जनवरी।** नगर में एक फरवरी से 7फरवरी तक होने वाली राम कथा की तैयारियों को लेकर मंत्री टंक राम वर्मा आज दोपहर नेवरा स्थित भाजपा कार्यालय में उपस्थित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठक ली बैठक में आगामी 1 से 7 फरवरी तक होने वाले श्रीमद् भागवत कथा के लिए आवश्यक चर्चा विचार विमर्श किया गया । ओर कलश यात्रा सहित विभिन्न आयोजन के लिय नगर वासियों को जवाबदारी दी बीजेपी के नगर ओर ग्रामीण कार्यकर्ता सहित महिला मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे राम कथा को लेकर अलग अलग टीम बनाई गई है बैठक पश्चात श्रीमद् भागवत कथा स्थल बीएनबी हाई स्कूल ग्राउंड का भी निरीक्षण किया गया शहर व क्षेत्र के बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टमाटर की खेती से मिला भरपूर फायदा, शासन की राष्ट्रीय बागवानी मिशन से लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए का मिला अनुदान

# टमाटर की बेहतरीन फसल होने से किसान त्रवेंद्र साहू की बदली किस्मत

- यहां का टमाटर नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों तक जा रहा
- लगभग 7 लाख रुपए का मिला शुद्ध मुनाफा
- अब तक लगभग 10 लाख रुपए के टमाटर की हुई बिक्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 जनवरी।** धान के बदले उद्यानिकी फसल लेने तथा टमाटर की बेहतरीन फसल होने से किसान श्री त्रवेंद्र साहू की किस्मत बदल गई है। राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा के किसान श्री त्रवेंद्र साहू को शासन की राष्ट्रीय बागवानी मिशन से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए का अनुदान मिला। जिससे उन्होंने धान की फसल के बदले 1.5 एकड़ में मल्चिंग पद्धति से टमाटर की खेती की। प्राप्त राशि से उन्हें मदद मिली और उद्यानिकी विभाग के सहयोग से ड्रिप, टमाटर के पौधे, खाद, दवाई पर व्यय किए। इस वर्ष टमाटर की बम्पर पैदावार होने से उन्हें बहुत फायदा हुआ। किसान श्री त्रवेंद्र साहू ने बताया कि उन्होंने अब तक लगभग 10 लाख रूपए के टमाटर की बिक्री की है। जिसमें उन्हें लगभग 7 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि धान के बदले टमाटर की खेती उनके लिए बहुत फायदेमंद रही है। शासन की योजनाओं से लाभ मिलने से वे आर्थिक दृष्टिकोण से समृद्ध हुए हैं। सरकार द्वारा सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहन एवं सहायता राशि दी जा रही है।

किसान श्री त्रवेंद्र साहू ने बताया कि अधिक मात्रा में टमाटर का उत्पादन होने पर नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों तथा राजनांदगांव एवं लोकल मार्केट में बिक्री के लिए भेज रहे हैं। अब तक 1000 कैरेट टमाटर की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने परी वेरायटी का टमाटर लगाया है। टमाटर की बहुत डिमांड रही और बहुत अच्छी कीमत मिली। अभी भी टमाटर की तोड़ाई का कार्य जारी है। मार्च तक पर्याप्त टमाटर मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं से प्रेरित होकर धान के बदले टमाटर की फसल लेने से बहुत फायदा हुआ है। किसान कब खेती-किसानी के लिए नवीन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कार्य में आसानी हुई है।

## भ्रष्टाचार तो अब और गंभीर समस्या बन चुका है

आजादी के बाद भ्रष्टाचार कोई गंभीर समस्या नहीं था। लेकिन आजादी के बाद के दशकों में यह गंभीर समस्या होता चला गया है क्योंकि राजनीति में पहले जो लोग सेवा के लिए आते थे अब भ्रष्टाचार कर पैसा कमाने के लिए आने लगे। धीरे धीरे सेवा का भाव तो खत्म हो गया है आज तो ज्यादातर लोग राजनीति में पैसा कमाने के लिए आते हैं, उनको लगता है कि राजनीति में आकर पैसा कमाना बहुत आसान है, हमारी पार्टी की सरकार बन गई तो हम जितना चाहे भ्रष्टाचार कर सकते हैं और जितना चाहे उतना पैसा कमा सकते हैं।पहले तो सौ सरकारी कर्मियों, सौ नेताओं में इक्का दुक्का भ्रष्ट होते थे, उनको अच्छी नजर से देखा नहीं जाता था, उनको समाज में इज्जत नहीं मिलती थी। आज तो सौ में ९० सरकारी कर्मी व नेता भ्रष्ट माने जाते हैं और सिंडीकेट बनाकर भ्रष्टाचार करने के कारण भ्रष्ट लोगों को कोई बुरा नहीं कहता है,वह होशियार माने जाते है और अब तो १० प्रतिशत ईमानदार लोगों को बेवकूफ समझा जाता है कि उसे मौका मिल रहा है और वह भ्रष्टाचार नहीं कर रहा है। जहां तक सरकारी सिस्टम व सरकार के स्तर पर होने वाला भ्रष्टाचार है इसे रोक पाना किसी एक ईमानदार सीएम के लिए आसान नहीं है क्योंकि सरकारी सिस्टम हो या सरकार के स्तर पर होने वाले काम हों, अफसर,कर्मचारी से लेकर मंत्री तक पैसा कमाने का कोई न कोई मौका तलाश लेते हैं। भ्रष्टाचार जब बहुत से लोग सामूहिक रूप से करते हैं तो उसे पकड़ना और मुश्किल होता है। क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी होती है वही भ्रष्टाचार करते है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं तो भ्रष्टाचार रुक कैसे सकता है।जब किसी सरकार का मुखिया किसी को इसलिए बनाया जाता है कि वह पार्टी को दो चार हजार करोड़ रुपए राज्य से जुटाकर देगा तो मुखिया अपने घर से तो इतना पैसा नहीं देता है, वह राज्य के पैसा में संगठित रूप से भ्रष्टाचार कर पार्टी को देता है। साथ ही अपने परिवार के लिए पैसा निकालता है तो ऐसे में राज्य मे एक के बाद घोटाले सामने कैसे नहीं आएंगे। ऐसे मुखिया के रहते तो राज्य में भ्रष्टाचार शिष्टाचार,नवाचार बन जाता है तो उसके बाद आने वाले मुखिया के लिए भ्रष्टाचार को रोकना और मुश्किल हो जाता है। खासकर उस मुखिया के लिए भ्रष्टाचार रोकना मुश्किल हो जाता है जो भ्रष्टाचार नहीं होने देने की बात भी करता है और ऐसे उपाय भी करता है कि भ्रष्टाचार न हो सके।भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई हो। पांच साल में तंत्र को भ्रष्टाचार करने की आदत हो जाती है तो उसे सुधारने में वक्त तो लगता है,भ्रष्टाचार भी शेर के मुंह में खून लग जाने के समान होता है, एक बार आदत हो जाए तो मौका मिलते ही भ्रष्टाचार करने वाले कहां चूकते हैं। नए नए तरीके से भ्रष्टाचार करते हैं।पांच साल में एक मुखिया जितना भ्रष्टाचार को बढ़ा सकता है, दूसरा मुखिया पांच साल में उसे कम नहीं कर सकता क्योंकि बीमारी होती जल्दी है, उसके उपचार में वक्त लगता है। भ्रष्टाचार में बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी पकड़े जाते हैं तो सरकार के सामने यह समस्या तो आती है कि वह कार्रवाई करेगी तो शासन चलाने में दिक्कत होगी।इसी वजह से आजादी के बाद यह व्यवस्था यह व्यवस्था की गई कि सरकारी कर्मचारी या अफसरों पर भ्रष्टाचार का मामला चलाने के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी।इसे लेकर जैसे लोगों में मतभेद हैं उसी तरह का मतभेद जजों में भी सामने आया है। दो जजों की पीठ के सामने यह मामला आया कि अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच से पहले अनुमति लेना ठीक है या गलत है तो एक जज विश्ननाथन ने कहा है कि धारा १७ ए संवैधानिक रूप से वैध है उनका कहना है कि जब तक ईमानदार को तुच्छ जांच से बचाया नहीं जाता तब तक नीतिगत गतिरोध उत्पन्न हो जाएगा। लोकसेवकों को दुर्भावनापूर्ण मामलों में बचाने की आवश्यकता है। दुरुपयोग की संभावना धारा १७ ए को रद्द करने का आधार नहीं है। धारा१७ ए के मामले में दूसरी जज नागरत्ना का कहना है कि यह प्रावधान भ्रष्ट लोगों को बचाने का प्रावधान है।यह धारा असंवैधानिक है,इसे निरस्त किया जाना चाहिए।इसके लिए किसी पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है।भ्रष्टाचार के मामले में जांच के लिए पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता अधिनियम के उद्देश्य के विपरीत है,यह जांच को बाधित करती है तथा ईमानदार व सत्यनिष्ठ लोगों की रक्षा करने की जगह भ्रष्ट लोगों को संरक्षण प्रदान करती है जिन्हें वास्तव में किसी संरक्षण की जरूरत नही है।दो जजों की बेंच तो धारा १७ ए के मामले में कोई साफ फैसला नहीं कर सकी है। यानी इसके लिए और बडी बेंच का गठन किया जाएगा। इस देश में भ्रष्टाचार को रोकना है तो उसको कानून का संरक्षण देकर नहीं रोका जा सकता क्योंकि अब तो सरकार पर ही आरोप लग रहे हैं कि उसने पांच साल में पार्टी फंड के लिए, चुनाव के लिए भ्रष्टाचार किया है।

**विश्लेषण**

# कलयुग के ये सबल हथियार - झूठ अफ़वाह और दुष्प्रचार

**तनवीर जाफ़री**



वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसतरह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फ़ौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिये ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी ज़मीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफ़वाह व दुष्प्रचार की गिरफ़्त में आ चुकी है ? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफ़वाहें बहुत बड़ी ताक़त बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताक़त कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं ? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है ? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है ? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है ? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिये उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां ख़ूनी इबारत लिखी जा सकती है ? निश्चित रूप से झूठ,अफ़वाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। ख़ुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था । हिटलर का मानना था कि "हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो।" वह कहता था कि "प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है।" और उसी का मत यह भी था कि "झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है।" ख़ुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिये जब अमेरिका ने तत्कालीन इराक़ी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक़ के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई VX गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में ख़ुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी ख़ुफ़िया जानकारी ग़लत थी। इराक़ पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि 'वे भी निराश हैं"। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व ख़ुफ़िया प्रमुखों ने इसे " ख़ुफ़िया विफलता" यानी intelligence failure भी कहा। परन्तु तब तक तो झूठ अफ़वाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक़ से तेल दोहन से लेकर इराक़ को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।




**अमेरिका द्वारा वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररि,को**कीन आयात की साज़िश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का क़ब्ज़ा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साज़िश जैसे आरोप लगाए हैं। परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ़्तारी के फ़ौरन बाद ट्रंप ने कहा - कि अमेरिका वेनेज़ुएला को संचालित करेगा , ख़ासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती । ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के ख़राब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेज़ुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं, और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा, और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेज़ुएला के लोगों के फ़ायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफ़वाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मक़सद वेनेज़ुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था ?इसी तरह पिछले दनिों ईरान में हुये विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया ख़ासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुये महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफ़ी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इज़राइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुये थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इज़राइल फ़ंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहाँ तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गये । अल जज़ीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इज़राइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में "व्यापक सहमति" है। यह "astroturfing" कहा जाता है। इज़राइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने ख़ुद माना कि इज़राइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफ़वाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं, और बाद में मुआफ़ी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं । रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व "पश्चिमी दुष्प्रचार" बताया। जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता ख़ासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली ख़ामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नज़रअंदाज़ किया गया। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि झूठ अफ़वाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज़्यादा शक्तिशाली और ख़तरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में निःसंदेह झूठ,अफ़वाह और दुष्प्रचार काफ़ी तेज़ और बहुत आगे चल रहा है।

### सू- दोकू क्र.290

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

### शब्द सामर्थ्य -290

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## राशिफल

मेष राशि - आज आपका दिन शानदार रहने वाला है आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

वृष राशि - रुका हुआ धन का आज आगमन होगा आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन का आज आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

मिथुन राशि - आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे अच्छा महसूस करेंगे। आज खास कार्य पूरा होने की संभावना है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे तो काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

कर्क राशि - आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आज घर में शुभ समाचार मिलने के योग हैं, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

सिंह राशि - मानसिक उलझनों का निवारण होगा आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक उलझनों का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा।

कन्या राशि - सेहत का रखें ध्यान आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

तुला राशि - आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप नयी जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। पारिवारिक मनोरंजन संबंधी यात्रा का प्रोग्राम बनेगा जिससे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे।

वृश्चिक राशि - आमदनी में आज इजाफा होगा वृश्चिक राशि – वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये। आज पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

धनु राशि - आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने की वजह अपनी बुद्धि बल और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे तो समय रहते उचित हल भी निकल आएंगे। कुछ समय प्रैक्टिकल और प्रभावशाली लोगों के साथ व्यतीत करने से आपके स्वभाव में परिवर्तन आएगा।

मकर राशि - आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी तथा आवेश पूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां उत्पन्न कर देता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है।

कुंभ राशि - नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी कुम्भ राशि– वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं.

मीन राशि - जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें। भाइयों के साथ चल रही अनबन आज किसी की सहायता से हल हो सकती हैं। आज टूर एंड ट्रेवल्स संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा।

**विदेश**

# चीन,पाकिस्तान और बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी भारत के लिए उभरती सन्निकट चुनौतियाँ।

**संजीव ठाकुर**

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं,इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है। भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है।

चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है।

चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ वर्षों से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार-बार होने वाले सैन्य आमने-सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक "शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व" के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे-धीरे यथास्थिति बदलने की रही है। चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औज़ार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है।

हाल के वर्षों में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मांतरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि





क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव। बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं। भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं।

इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकता है।

### त्रिकोणीय दबाव की रणनीति

चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी। इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क, संतुलित और दीर्घदर्शी नीति अपनाने की आवश्यकता है। एक ओर जहां सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना भी आवश्यक है। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि कट्टरपंथी ताकतों के लिए जगह न बचे। पाकिस्तान के संदर्भ में सख्ती और स्पष्टता आवश्यक है, जबकि चीन के मामले में रणनीतिक धैर्य के साथ राष्ट्रीय हितों की दृढ़ रक्षा करनी होगी। **निष्कर्ष**–चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते समीकरण भारत के लिए केवल एक तात्कालिक चुनौती नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक परीक्षा भी हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत ने हर कठिन परिस्थिति में संयम, साहस और विवेक का परिचय दिया है। वर्तमान समय में भी आवश्यकता इसी बात की है कि भारत अपनी आंतरिक एकता, कूटनीतिक समझदारी और सामरिक क्षमता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करे। यदि समय रहते सही निर्णय लिए गए, तो यह त्रिकोणीय दबाव भारत को कमजोर करने के बजाय और अधिक मजबूत, सतर्क और आत्मनिर्भर बना सकता है।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय जनजातीय जीवनशैली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 21 फरवरी तक

**रायपुर, 18 जनवरी।** राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में 20 से 21 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति विकास विभाग एवं आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय जनजातीय जीवनशैली है, प्रतियोगिता का आयोजन सबेरे 10:00 से शाम 5:00 बजे तक होगा। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से अनुसूचित जनजाति संवर्ग के प्रथम 150 पंजीकृत प्रतिभागियों को शामिल किया जायेगा। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रस्तावित यह चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन के कैनवास के माध्यम से किया जायेगा। कैनवास चित्रकारी में 18 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक दो अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। केनवास में चित्रकारी करने के लिए प्रतिभागी को 20 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से 21 फरवरी शाम 4:00 बजे तक का समय उपलब्ध रहेगा। निर्णायक मण्डल द्वारा अंक पद्धति से प्रतिभागियों द्वारा बनायी गई पेंटिग्स का मूल्यांकन किया जावेगा। प्रतियोगिता का परिणाम 21 फरवरी 2026 को घोषित किया जाएगा। प्रतिभागी की आयु की गणना दिनाँक 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जायेगी तथा आयु की पुष्टि हेतु कोई शैक्षणिक अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आदि जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चित्रकला प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामाग्री चित्रकला हेतु केनवास का साईज 24''×30'' निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी चित्रकार अपनी स्वेच्छा एवं सुविधानुसार रंगो यथा एक्रिलिक कलर, आईल पेस्टल आदि का चयन कर सकते हैं। पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, पैलेट, नैपकिन, डिस्पोजल ग्लास, कलर्स, केनवास तथा स्टैण्ड (ईजल) संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। शेष सामग्री यथा ब्रश व अन्य पेंटिंग से सबंधित आवश्यक सामग्री प्रतिभागी को लाना होगा।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में चलाया गया जागरूकता अभियान

**रायपुर, 18 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए एवं यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रदीप कुमार लाल ने इस मौके पर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग करना तथा निर्धारित गति सीमा का पालन जैसे छोटे-छोटे उपाय बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बिलासपुर के परियोजना निदेशक श्री मुकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी उपायों के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियानों का निरंतर संचालन किया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की दर को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी बचाव कार्यों के लिए लाइव एक्सीडेंट डेमोस्ट्रेशन (मॉक-ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस दौरान एम्बुलेंस की पहुँच, क्रेन द्वारा मार्ग से बाधा हटाने तथा घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### टीबी उपचार में पोषण और नियमित दवा ही सफलता की कुंजी : वित मंत्री चौधरी

**रायपुर, 18 जनवरी।** रायगढ़ जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आज राज्य के वित्त, वाणिज्य, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी ने क्षय रोग (टीबी) से उपचाराधीन मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। कार्यक्रम में कुल 30 मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहायता प्रदान की गई। मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लें और पौष्टिक भोजन ग्रहण करें। उन्होंने उच्च जोखिम वर्ग से जुड़े मरीजों को समय पर जांच कराने और दवा सेवन में लापरवाही न करने की अपील की। उन्होंने मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मियों को जिले में संदेहास्पद मरीजों की पहचान कर उन्हें शीघ्र उपचार से जोड़ने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

# गीदम में कांग्रेस ने किया भाजतपा अध्यक्ष का पुतलादहन, पुलिस से हुई झूमाझटकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 जनवरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता द्वारा सराफा व्यापारी से मारपीट के आरोप को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। इसी मामले को लेकर आज कांग्रेस पार्टी ने गीदम में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी ने कहा कि भाजपा नेता सत्ता के नशे में चूर होकर कानून को अपने हाथ में लेने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ही व्यापारियों के साथ मारपीट करेंगे तो आम




जनता की सुरक्षा पूरी तरह खतरे में है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेता छविंद्र कर्मा ने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता लगातार अपने पद और राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे कृत्यों से लोकतंत्र की मर्यादा को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की दबंगई को किसी भी हाल में बर्दाशत नहीं करेगी।

जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आते ही पूरे जिले में अराजकता का माहौल बन गया है। गुंडागर्दी अपने पूरे चरम पर है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि व्यापारी और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमा-झटकी की स्थिति भी बनी, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा संघर्ष जारी रखेगी और दोषियों को सजा दिलाकर ही दम लेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मंगल यादव,बारसूर ब्लॉक अध्यक्ष कीरत अलामी,संतु कुंजाम, बीजू कश्यप, विद्यानन्द सेन,आसिफ रज़ा,कोपाराम,मनोज कोराम, सोहन यादव,राधा नाग,रॉबर्ट साइमन, पप्पू गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस व मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे है।

## ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाने का कार्य शुरू

# टोल प्लाजा पर वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़े दस्तावेज को होगी डिजिटली जांच,कटेगा चालान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 18 जनवरी।** केन्द्र सरकार ने वाहनों के बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट (पीयूसी) एवं फिटनेस की अवधि समाप्त होने की जांच करने के लिए टोल प्लाजा पर ही ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इसमें फास्टैग स्कैन करते ही वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़े दस्तावेजों को डिजिटली जांच करता है, वाहन के दस्तावेज जैसे कि इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस में कोई भी कमी पाई जाती है तो टोल प्लाजा से निकलते ही चालान कट रहा है। पहले चरण में हाईवे के टोल प्लाजा पर ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसके बाद स्टेट हाईवे के टोल प्लाजा पर इस सिस्टम को लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इस तंत्र को सीधे परिवहन विभाग के सर्वर से जोड़ दिया गया है। अब राजमार्ग पर तो वाहन को कोई नहीं रोकेगा लेकिन गाड़ी का बीमा खत्म है, पीयूसी नहीं है या फिटनेस फेल है, तो टोल से गुजरते ही वाहन का चालान अपने आप कटेगा और मोबाइल पर संदेश आ रहा है। इसकी जानकारी परिवहन विभाग रायपुर के सहायक आयुक्त सीएल देवांगन ने दी है। मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के मुख्यालय की ओर से बस्तर जिले में लगभग आधा दर्जन कैमरे ग्रामीण क्षेत्र में भी लगाए गए और परिवहन विभाग से जोड़ा गया। उस मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों को डिटेक्शन कर रहे हैं। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि वाहनों की जांच के लिए बोरपदर, राजनगर, छेपड़ागुड़ा एवं बकावंड में कैमरे लगाए गये हैं, जो मुख्यालय से जुड़े हैं। वहीं दूसरी ओर वाहन के सभी दस्तावेजों जैसे प्रदूषण, बीमा और फिटनेस के टोल प्लाजा पर लगे कैमरे जांच कर रहे हैं, वाहनों के सभी कागजात वैध होने के बावजूद टोल प्लाजा से मोबाइल में ई-चालान कटने का मैसेज भेज रहे हैं। बस्तर के टोल प्लाजा से वाहन मालिकों को गलत ई-चालान मिलने की शिकायतें आ रही हैं, जिसमें 10 वाहन मालिकों ने जगदलपुर आरटीओ में शिकायत दर्ज कराई है। वाहनों के सभी कागजात वैद्य होने के बावजूद ई-चालान कटे हैं, जिससे वाहन मालिकों में असंतोष है।

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिकों द्वारा दिए गए शिकायतों को परिवहन विभाग के मुख्यालय भेज दिया गया है। इसका निराकरण मुख्यालय से ही होगा।

# रायपुर साहित्य उत्सव में बस्तर के 27 साहित्यकार होंगे शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को नई ऊर्जा देने तथा देशभर के साहित्यकारों, चिंतकों, कलाकारों और पाठकों को एक मंच देने के उद्देश्य से 23, 24,और 25 जनवरी को रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है , इस आयोजन में बस्तर जिले के लगभग 27 साहित्यकार इस साहित्य उत्सव में भाग लेने के लिए अपना पंजियन करवाया है द्य जगदलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार

रुद्रनारायण पाणिग्रही ने बताया कि रायपुर साहित्य उत्सव का केंद्रीय विचार आदि से अनादि तक है, जो भारत की साहित्यिक परंपरा की निरंतरता और विकास को रेखांकित करता है द्य यह आयोजन अटल नगर नया रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित किया जाएगा। जहां छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और समकालीन साहित्यिक अभिव्यक्तियों का सुंदर संगम देखने को मिलेगा द्य यह उत्सव छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रायपुर सहित्य उत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को उद्घाटन समारोह के साथ होगा।

# टीम विनोबा दंतेवाड़ा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 18 जनवरी।** 2026 विनोबा कार्यक्रम की ओर से बच्चों की गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देने एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए पूनम नागेश को पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके प्रयासों से बच्चों में रचनात्मकता और सीखने के प्रति रुचि में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली है। इसी क्रम में नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गर्ल्स आश्रम शाला, बारसूर के विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन हेतु उपहार प्रदान किए गए। साथ ही एन एम एम एस ई परीक्षा मॉक टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माध्यमिक शाला, सरपंच पारा, बांगापाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी गीदम सुश्री भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान, टीम विनोबा से शीतल जाटव , सीएसी योगेश सोनी,अनंत हलधर ने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिलता है।



## गीदम ब्लॉक के पंचायत हारला शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 18 जनवरी।** खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत हारला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों की मलेरिया जांच की गई और पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर प्रथम खुराक खिलाया गया। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तपेदिक, और मुंह के कैंसर की जाँच की गई। गर्भवती महिलाओं की जांच कर उनको आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियाँ प्रदान की गई और टीकाकरण किया गया। शिशु टीकाकरण भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी डॉ अतीक अंसारी ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस दौरान महेंद्र कुमार बछेला, सरिता बछेला, आशीष शुक्ला, दीपिका गुप्ता, गीता कर्मा, प्रमिता अल्लूर, सरिता यादव, चंपा यादव, सुनीता यादव, अस्तिमा यादव और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## बस्तर के दो खिलाड़ियों का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियागिता के लिए हुआ चयन



ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियागिता 2026

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 जनवरी।** बस्तर अंचल के दो अधिकारियों का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियागिता 2026 के लिए हुआ है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जगदलपुर में पदस्थ बी. एस. ध्रुव तथा एनआईसी कोंडागांव के संयुक्त निदेशक हेमन्त भगत का चयन ओपन कैटेगरी में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन प्रतियागिता गोवा में आयोजित किया जाएगा । प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न विभागों के चयनित अधिकारी एवं खिलाड़ी भाग लेंगे। श्री ध्रुव एवं श्री भगत के चयन से न केवल बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में खेल जगत के प्रति उत्साह बढ़ा है। जगदलपुर तथा कोंडागांव के बैडमिंटन संघ एवं स्थानीय खेल प्रेमियों, सहकर्मियों ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

## आपसी विवाद में दोस्त पर चाकू से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 जनवरी।** बस्तर जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बस्तर में बाइक ले जाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक दोस्त ने अपने दूसरे दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया है । युवक को पेट सहित शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोट आई है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर के रहने वाले युवक अजय नाग ने पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है । उसने पुलिस को बताया कि, 15 जनवरी को जब घर लौटा तो उसकी बाइक घर पर नहीं दिखी। पत्नी से पूछा तो उसने बताया कि पड़ोसी और उसका दोस्त लैखन बघेल बाइक लेकर गया है। लैखन को ढूंढने के लिए अजय मोहल्ले में यहां वहां घूमता रहा, रात 8 बजे जब लैखन घर लौटा तो अजय उससे मुलाकात किया। इसी बीच उसने बाइक क्यों ले गया है, कहा तो इओ लेकर दोनो के बीच विवाद हुआ । पहले गाली-गलौज हुई, उसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई । लैखन बघेल ने अपने पास रखे बटन चाकू से अजय के पेट समेत अन्य अंगों पर वार कर दिया। अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आस-पास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया, अजय को अस्पताल लेकर आए। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक लैखन को गिरफ्तार कर लिया है।

## बदली हुई परिस्थिति में बस्तर में नक्सल गतिविधियों में आई बहुत कमी

# नक्सल गतिविधियों के विराम के बाद बीते चार महीने में 20 लाख से अधिक पर्यटक बस्तर पहुंचे

**जगदलपुर, 18 जनवरी।** छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला कभी नक्सल हिंसा के कारण जाना जाता था, लेकिन अब बदली हुई परिस्थिती में बस्तर में नक्सल गतिविधियों में आई भारी गिरावट के बाद हालात इतने बदले है, कि पर्यटक अब बीजापुर और दंतेवाड़ा के सुदूर अंचलों तक बेखौफपहुंच रहे है। वर्ष 2025-26 में बस्तर संभाग के सातों जिलों में पर्यटकों की संख्या ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। पर्यटन मंडल के स्थानीय कार्यालय की मानें तो सितंबर 2025 से अब तक बीते चार महीने में 20 लाख से अधिक पर्यटक बस्तर पहुंच चुके हैं। इनमें देश के कई राज्यों के साथ-साथ विदेश से आए सैलानी भी शामिल हैं। बीते 5 वर्षों की तुलना करें तो इस साल 7 लाख से ज्यादा पर्यटक अतिरिक्त पहुंचे हैं। साल के अंत में 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक ही 5 लाख से ज्यादा पर्यटक बस्तर के



अलग-अलग पर्यटन केंद्रों में पहुंचे हैं। यह साफसंकेत है कि बस्तर को लेकर लोगों की सोच बदल रही है और भरोसा बढ़ रहा है।

एक समय था जब बस्तर का नाम आते ही नक्सल हिंसा की तस्वीर उभरती थी, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। जंगल, जलप्रपात, आदिवासी संस्कृति और सुरक्षित माहौल, यही बस्तर की नई पहचान बन रही है। पर्यटन बढ़ा तो चुनौतियां भी बढ़ीं है, कई जगह रहने की व्यवस्था, सडक़, शौचालय, पार्किंग, गाइड और खान-पान जैसी बुनियादी सुविधाएं नाकाफी साबित हो रही हैं। स्थानीय लोग और व्यवसायी मानते हैं, कि अगर समय रहते सुविधाएं नहीं बढ़ाई गई, तो यह सुनहरा मौका हाथ से निकल सकता है। पर्यटन व्यवसाईयों का कहना है कि बस्तर में होम-स्टें, रिसॉर्ट, ईको टूरिज्म सेंटर, ट्राइबल हाट और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देकर हजारों युवाओं को 'रोजगार दिया जा सकता है। बस्तर की खूबसूरती, संस्कृति और शांति अब बस्तर स्वयं में ब्रांड बन रहा है, जरूरत सिर्फइसे सही दिशा देने की है।

बस्तर में नक्सल हिंसा से मुक्ति एवं शांति बहाली के प्रयासों के बीच सबसे अहम बदलाव यह है, कि अब पर्यटक सिर्फ चित्रकोट, तीरथगढ़ और कांगेर घाटी तक सीमित नहीं रह गए हैं। इस सीजन में सैलानी बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंचे। जहां कभी सुरक्षा कारणों से लोग जाने से कतराते थे, वहां अब कैमरे और बैग लिए पर्यटक दिखाई दे रहे हैं। यही बस्तर में स्थायी शांति की असली तस्वीर है। बीजापुर के नंबी जैसे दूरस्थ जल प्रपात के साथ ही दंतेवाड़ा के हांदावाड़ा तक पर्यटकों की पहुंच बढ़ी है। बस्तर संभाग के बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जैसे सभी जिलों के पर्यटन केंद्रों में जबरदस्त भीड़ इस बार देखी जा रही है। चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी, बारसूर, दंतेश्वरी मंदिर, रामाराम जैसे स्थलों पर इस सीजन में हर वीकेंड हजारों सैलानी पहुंच रहे हैं।

बस्तर के पर्यटन क्षेत्रों के जानकार जियोलाजिस्ट किशोर पानीग्राही ने बताया कि पूरा बस्तर संभाग अपनी नैसर्गिक वन-खनिज संपदा एवं प्रकृतिक सुंदरता, यहां मौजूद झरने, जलप्रपात, पहाड़ी के साथ ही स्वच्छ ताजी हवा तथा जैव-विविधता जंगलों में मौजूद वन्य प्राणी से भरपूर बस्तर की अनूठी जीवंत परंपराएं संपूर्ण पर्यटक स्थल के रूप में अपने को स्थापित करता है । यही कारण है कि पर्यटक बरबस ही बस्तर की ओर खींचे चले आते हैं। बस्तर से नक्सलवाद के अंत के साथ यहां शांति के बाद अगर पर्यटकों की वर्तमान रफ्तार बनी रही और सुविधाएं समय पर बढ़ीं, तो आने वाले वर्षों में बस्तर छत्तीसगढ़ का ही नहीं, देश का बड़ा टूरिस्ट हब बन सकता है।

# दो आयु वर्गों में 280 महिला खिलाड़ियों ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन

## जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, खेल मैदान में दिखी अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 18 जनवरी।** महिलाओं की खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत रायगढ़ की अध्यक्ष सुजाता चौहान द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत अध्यक्ष सुजाता चौहान ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन सराहनीय हैं। हमें गर्व है कि रायगढ़ की बेटियाँ खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गवेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत तो होती रहती है, लेकिन असली मायने तब आते हैं जब हम हर खेल को खेल भावना के साथ खेलें। यही खेल हमें अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है। उन्होंने कहा कि जीत या हार से कहीं बढ़कर है आपका जोश, मेहनत और खेल के प्रति आपका समर्पण। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुकलाल चौहान, पूनम सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, जीवनलाल नायक सहा. क्रीडा अधिकारी रायगढ़, जितेष्वर प्रधान व्यायाम शिक्षक, शम्मी पुरसेठ व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### दो आयु वर्गों में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताएं

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की प्रतिभागियों के लिए किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर, तवा फेंक), खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी, हॉकी, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल एवं वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से कुल 280 महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### इंडिया स्किल काम्पीटिशन 2025: जिला स्तरीय प्रथम लेवल स्क्रीनिंग टेस्ट 21 को

**रायगढ़, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित इंडिया स्किल काम्पीटिशन 2025 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय प्रथम लेवल स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा 21 जनवरी को ओ.पी. जिंदल यूनिवर्सिटी, पूंजीपथरा, वि.ख. तमनार, जिला-रायगढ़ में आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात: 11 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 01 बजे होगी। परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए संपर्क मो. नं. 8959719188 पर संपर्क कर सकते है।

### बड़ौदा आरसेटी में टैली प्रशिक्षण 20 से

**धमतरी, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास सस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा 38 दिवसीय टैली प्रशिक्षण 20 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान एम.एस. आफिस, एम.एस. एक्सल, पावर पाइंट, इंटरनेट एवं टैली (जीएसटी) टीडीएस आईटी रिटर्न फाईलिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही आफिस वर्क ऑनलाइन वर्क, डाटा एण्ट्री वर्क, व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान के साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार युवक एवं युवतियां, जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है आवेदन कर सकते है। यह प्रशिक्षण पूर्णत नि:शुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त है। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटें आरक्षित है। आवश्यक दस्तावेज में राशन कार्ड, प्रमाणपत्र फोटोकॉपी, 5 पासपोर्ट फोटो और आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी अपने साथ लेकर उपस्थित होना होगा।

### आबकारी टीम ने छापा मारकर 7 लीटर महुआ शराब बरामद की

**रायगढ़, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध महुआ शराब के खिलाफएक सघन और प्रभावी कार्रवाई की है। आबकारी विभाग को ग्राम बिंजकोट से अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के संज्ञान में लेते हुए विभागीय टीम ने मौके पर छापा मारा और शिवा चौहान के कब्जे से कुल 07 लीटर महुआ शराब बरामद की। बरामद शराब में 05 लीटर क्षमता वाली सफेद रंग की जरीकेन में भरी 05 लीटर और 02 लीटर क्षमता वाली हरी रंग की प्लास्टिक बोतल में भरी 02 लीटर शराब शामिल थी। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 1, 400 रुपये बताया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप-निरीक्षक याजेंद्र मेहर और आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह कंवर का विशेष योगदान रहा।



### रायगढ़ के लिए बड़ी सौगात: जिला चिकित्सालय में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक का वित्त मंत्री चौधरी ने किया शुभारंभ

# एक ही छत के नीचे मिलेगा ब्रेन और मानसिक रोगों का नि:शुल्क इलाज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जनवरी।** रायगढ़ जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में शासकीय जिला चिकित्सालय में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल रायगढ़ के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि अब मस्तिष्क, मानसिक एवं स्पाइन से संबंधित बीमारियों का उपचार जिले में ही सुलभ होगा। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्रेन एवं मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयास से जिला अस्पताल में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि यहां मरीजों को निशुल्क परामर्श, नि:शुल्क इलाज तथा आवश्यक नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सभी वर्गों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल ने बताया कि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा पूर्व में दंतेवाड़ा जिले में इस प्रकार की व्यवस्था प्रारंभ की गई थी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में उसी मॉडल को रायगढ़ में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले को ब्रेन से संबंधित बीमारियों से मुक्त करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

उन्होंने जानकारी दी कि ब्रेन हेल्थ क्लीनिक के अंतर्गत विशेष ओपीडी प्रारंभ की गई है, जिसमें न्यूरो मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी एवं सायकेट्री विभाग की संयुक्त सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस क्लीनिक में पार्किंसन, डिमेंशिया, अल्जाइमर, स्ट्रोक, लकवा सहित मस्तिष्क एवं मानसिक रोगों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां प्रत्येक शनिवार को न्यूरो सर्जरी, प्रत्येक बुधवार को सायकेट्री तथा प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को न्यूरो मेडिसिन विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि जिला चिकित्सालय के नियमित चिकित्सक प्रतिदिन ओपीडी एवं काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करेंगे।

ब्रेन हेल्थ क्लीनिक के अंतर्गत न्यूरो फिजियोथेरेपी यूनिट भी प्रारंभ की जा रही है, जहां लकवा एवं चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों को नि:शुल्क फिजियोथेरेपी उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे शीघ्र अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों में लौट सकें। रायपुर सहित अन्य स्थानों से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से यह क्लीनिक जिले के लिए एक समन्वित और आधुनिक उपचार केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात वित्त मंत्री चौधरी ने जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया तथा अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया।

इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त ब्रजेश सिंह क्षत्रिय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जय कुमारी चौधरी, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. ए.के. कुशवाहा, डॉ. पी.के. गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पोषण और नियमित दवा सेवन से ही संभव है टीबी का पूर्ण उपचार: चौधरी



**रायगढ़, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला चिकित्सालय रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आज राज्य के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के कर-कमलों से टीबी उपचाररत मरीजों को अतिरिक्त पोषण के रूप में फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 30 टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए।

- ■ जिला अस्पताल में टीबी मरीजों को मिला पोषण संबल
- ■ वित्त मंत्री चौधरी ने 30 टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि टीबी के उपचार में नियमित दवा सेवन के साथ-साथ पौष्टिक आहार का विशेष महत्व है। उन्होंने उच्च जोखिम समूह के मरीजों से समय पर दवाइयां लेने एवं नियमित जांच कराने की अपील की। साथ ही उन्होंने मितानिनों को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिले में संदेहास्पद अथवा टीबी ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें शीघ्र उपचार एवं समुचित स्वास्थ्य लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### जल जीवन मिशन से बदला ग्रामीणों का जीवन

## उत्तर रेगांव में हर घर जल का सपना साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जनवरी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशनः हर घर जल योजना और छत्तीसगढ़ शासन की सक्रिय सहभागिता से जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम-उत्तर रेगांव में सुरक्षित पेयजल की समस्या पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। जिला प्रशासन रायगढ़ के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी के चलते आज गांव के प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार की नीति, छत्तीसगढ़ शासन की प्रतिबद्धता और जिला प्रशासन रायगढ़ के समन्वित प्रयासों से जल जीवन मिशन अंतर्गत आज उत्तर रेगांव में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीणों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास और सहभागिता बढ़ी है। यह मिशन प्यास बुझाने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान कर रहा है। आज उत्तर रेगांव के ग्रामीण गर्व के साथ कहते हैं-जल जीवन मिशन ने हमारे सपनों को साकार कर दिया है।



### महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास की मिसाल बना उत्तर रेगांव

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम उत्तर रेगांव में जल स्रोतों का सुदृढ़ीकरण, पाइपलाइन विस्तार, नल कनेक्शन स्थापना और जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी की गई है। इस सुनियोजित क्रियान्वयन ने ग्रामीण महिलाओं को सबसे अधिक राहत दी है, जिन्हें पहले पानी लाने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी। जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में स्थायी परिवर्तन की नींव है।

**मोहरमती भगत के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव :** ग्राम उत्तर रेगांव की निवासी मोहरमती भगत जल जीवन मिशन की सशक्त हितग्राही बनकर उभरी हैं। योजना से पहले उन्हें प्रतिदिन घरेलू उपयोग के लिए दूर-दराज के जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के दिनों में पानी की तलाश में लगने वाला समय, श्रम और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उनके घर नल जल कनेक्शन मिलने के बाद अब शुद्ध और सुरक्षित पेयजल घर पर ही उपलब्ध है। भगत बताती हैं कि इससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है।

# अवैध धान परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई



- ■ एस.के. फूड्स राइस मिल सील, 20, 976 क्विंटल धान व 605 क्विंटल चावल जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 18 जनवरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी में अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल, नगरी द्वारा राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार देर शाम को गट्टासिल्ली स्थित एस.के. फूड्स राइस मिल का निरीक्षण किया गया। उक्त मिल के संचालक आसिफमेमन हैं।

निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में उपलब्ध स्टॉक पंजी का गहन परीक्षण किया गया तथा भौतिक सत्यापन के माध्यम से धान एवं चावल की वास्तविक मात्रा का मिलान किया गया। जांच में यह पाया गया कि मिल परिसर में दर्ज स्टॉक की तुलना में धान की मात्रा 269 क्विंटल अधिक पाई गई। यह अतिरिक्त मात्रा धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अवैध परिवहन एवं भंडारण की आशंका को दर्शाती है, जिसे गंभीर अनियमितता माना गया।

संयुक्त दल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मिल परिसर में उपलब्ध कुल 20, 976 क्विंटल धान एवं 605 क्विंटल चावल को जब्त किया गया। जब्त सामग्री को नियमानुसार मिल के प्रतिनिधि जावेद मेमन की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आगे की जांच एवं वैधानिक प्रक्रिया के लिए राइस मिल को सील बंद किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों की रक्षा एवं समर्थन मूल्य प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की संयुक्त जांच एवं कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी मिल संचालकों एवं व्यापारियों को शासन के नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन की इस सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई से जिले में नियमों के पालन को मजबूती मिली है तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है।

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध धान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

## नगरी विकासखंड में तीन फर्मो को किया गया सील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 18 जनवरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप जिले में अवैध धान के भंडारण, खरीदी एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चारों विकासखंडों में तीन फर्मो का सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई अभियान सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम घुटकेल तथा बोरई विकासखंडदृनगरी क्षेत्र में संचालित राइस मिलों की संयुक्त टीम द्वारा गहन जांच की गई।

जांच के दौरान शिवम् ट्रेडर्स (संचालक-श्री संतोष खंडेलवाल), सीताराम साहू ट्रेडर्स (संचालकदृश्री सीताराम साहू) एवं रोशन ट्रेडर्स (संचालकदृश्री पदम भंसाली) में धान के संधारण एवं अभिलेख संधारण से संबंधित गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अनियमितताओं को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी के आदेश के परिपालन में संबंधित अधिकारियों द्वारा तीनों फर्मो को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे तथा समस्त प्रक्रिया विधि-सम्मत रूप से संपन्न की गई। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जांच में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में आगे विस्तृत जांच कर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 20 को

**धमतरी, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आगामी 20 जनवरी को आहूत की गई है। सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक सभी राजस्व अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दिए हैं। बैठक में ई-कोर्ट, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन की प्रगति, नक्शा प्रोजेक्ट, आधार सीडिंग, डिजीटल हस्ताक्षर, सर्वे-रिसर्वे की प्रगति, सीएम डैशबोर्ड, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना आदि की समीक्षा की जाएगी।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 27 तक

**धमतरी, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश के तहत नगरनिगम क्षेत्र धमतरी के मोटर स्टैण्ड वार्ड क्रमांक 29 में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां ही पात्र हैं।

### रायगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का वित्त मंत्री चौधरी ने किया निरीक्षण

# ऑक्सीजोन, लाइब्रेरी व इंफ्रास्ट्रक्चर से बदलेगी शहर की तस्वीर

- ■ एक साल में धरातल पर दिखेंगी कई बड़ी परियोजनाएं
- ■ निर्माणाधीन कार्य में लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण और सुशासन की नीति के अनुरूप रायगढ़ को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में राज्य के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने आज रायगढ़ में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में, पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की गति बनाए रखने के लिए सतत मॉनिटरिंग और नियमित फॉलो-अप अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि रायगढ़ में संचालित अधिकांश परियोजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं और आगामी एक वर्ष में कई महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल पर उतरेंगी।

**शिक्षा, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी नई उड़ान:** निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने नालंदा परिसर में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से बन रही अत्याधुनिक लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक केंद्र बनेगी, जहां आधुनिक तकनीक और ई-बुक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा किसान राइस मिल परिसर में चल रहे विकास कार्यों और ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में प्रस्तावित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। वित्त मंत्री ने पहाड़ मंदिर पहुंचकर हनुमान मंदिर के दर्शन किए और पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र को और अधिक विकसित करने की संभावनाओं पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं रायगढ़ को आधुनिक सुविधाओं, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर जीवन गुणवत्ता से युक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी और आने वाले समय में शहर के समग्र विकास में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

### बनेगा इंटरस्टेट बस टर्मिनल

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस स्टैंड में 19.55 करोड़ रुपए की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त इंटरस्टेट बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि नए बस टर्मिनल के निर्माण से शहर के भीतर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित बस टर्मिनल में आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

# मुख्यमंत्री पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर सिस्टम का किया निरीक्षण

- योजना के हितग्राही के घर जाकर सीएम ने योजना के जमीन क्रियान्वयन की जानकारी ली
- पीएम सूर्यघर योजना से रोशन हुआ घर, घटा बिजली बिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर विकासखंड के सरना पारा, पर्री निवासी श्रीमती राजकुमारी द्विवेदी के निवास पर पहुँचकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर सिस्टम का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने घर की छत पर लगाए गए सोलर पैनल एवं उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और योजना के ज़मीनी क्रियान्वयन को नज़दीक से देखा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती द्विवेदी एवं उनके परिवारजनों से आत्मीय बातचीत की और योजना से प्राप्त हो रहे लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। परिवारजनों ने बताया कि सोलर सिस्टम स्थापित होने के बाद बिजली की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हुई है और घरेलू बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे आर्थिक राहत मिली है। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली बिल में हो रही बचत, दैनिक उपयोग में सुविधा तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता के अनुभवों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। यह योजना बिजली पर निर्भरता को कम करने के साथ-साथ हरित ऊर्जा की दिशा में देश और राज्य को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है।

सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक परिवार इस योजना से जुड़ें और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी कठिनाई के इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को ज़मीन पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्याम सुन्दर अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के खम्हारडीह ( ऐश्वर्या विंड मिल ) स्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पहुंचकर स्वर्गीय श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल की पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय श्याम सुन्दर अग्रवाल समाजसेवा एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री सम्पत अग्रवाल, श्री छगन मुंदड़ा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों के अध्ययन भ्रमण से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशाः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल को प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सकुशल एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा दो बसों को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) की जानकारी प्राप्त होगी, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के ग्रामीण विकास को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बहुउद्देशीय है, जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, संवाद, विचार-विमर्श, पंचायत प्रतिनिधियों के दायित्वों, नवाचारों तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधियों से कहा कि वे छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर की पहचान के रूप में राज्य के पर्यटन, संस्कृति, जनहितैषी एवं विकासमूलक योजनाओं, सुशासन (गुड गवर्नेंस) तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था के बारे में भी अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों से जानकारी साझा करें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी सभी पंचायत प्रतिनिधियों को एक्सपोज़र विज़िट के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से राज्य की पंचायत राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त, प्रगतिशील एवं विकासोन्मुख बनाने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र राज्य की पंचायत राज व्यवस्था का अध्ययन कराने के लिए 18 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक मुंबई भेजा जा रहा है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिला पंचायत रायपुर का किया निरीक्षण

**रायपुर, 18 जनवरी।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज जिला पंचायत रायपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत के विभिन्न कक्षों में जाकर उनका अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत जिला पंचायत सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने वार्डवार विकास कार्यों की स्थिति पर भी जिला पंचायत सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर महतारी सदन के निर्माण एवं वीबी जी राम जी अधिनियम के लाभों के प्रति जागरूक करने को कहा। जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला पंचायत की क्षमता विकास एवं कक्षों के नवीनीकरण की मांग पर उपमुख्यमंत्री द्वारा 25 लाख रुपए से नवीनीकरण कार्य कराने की घोषणा की। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई विकास कार्य किसी क्षेत्र में प्रारम्भ होना है तो उसका निर्माण स्थल पर जाकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भूमिपूजन अवश्य कराया जाए।

### प्राइवेट स्कूलों के बोर्ड परिणाम में निकृष्ट प्रदर्शन पर चिंता जाहिर कर

# सीजी बोर्ड संचालित अशासकीय संस्थाओं के प्राचार्यों की कलेक्टर ने ली क्लास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 जनवरी।** डोंगरगढ़ - सीजी बोर्ड संचालित अशासकीय संस्थाओं के स्कूलों में छात्र छात्राओ के बोर्ड परिणाम में निकृष्ट परिणाम आने पर चिंता जाहिर करते बेहतर परिणाम को लेकर जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में अशासकीय संस्थाओं के प्राचार्यों की बैठक ली गई, जिसमें छात्र छात्राओ के बोर्ड परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।17 जनवरी 2026 को जिला कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, ओआईसी शिक्षा विभाग के निर्देशन में सीजी बोर्ड संचालित जिले के सभी अशासकीय संस्थाओं के संस्था प्रमुखों को सेजस स्कूल बक्शी राजनांदगांव में बोर्ड परिणाम को बेहतर करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यतः शाला वार उन स्कूलों के रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहे हैं, उन स्कूलों के संस्था प्रमुखों को बोर्ड परिणाम को बेहतर करने व उत्कृष्ट प्रदर्शन,अतिरिक्त कक्षा का संचालन तथा प्री बोर्ड एवं प्रश्न बैंकों का उपयोग करने आवश्यक दिशा निर्देश जारी गया। वहीं ऑनलाइन कक्षाओं के लिंक उपलब्ध कराए





गए ,जिससे बच्चों को और स्कूलों को परिणाम को बेहतर करने में मदद मिल सके। इन सभी विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । सभी संस्था प्रमुखों ने जिले के शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही नवाचार कार्यक्रमों की सराहना की गई जिसमें सभी शिक्षकों ने अपेक्षा की कि उनको भी ग्रुप बनाकर इस प्रकार के शासन के द्वारा किए जा रहे नवाचारों का लाभ उनके माध्यम से बच्चों तक मिल सके और उसके लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद प्रेषित किया और आशा जताई कि इस प्रकार की बैठके जिसमें उनको भी जोड़कर जिले द्वारा चलाई जा रही नवाचार कार्यक्रमों का लाभ मिल सके निवेदन किया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी प्राइवेट स्कूलों को ग्रुप बनाकर प्रश्न बैंक जो जिले द्वारा विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से तैयार किए गए हैं व प्रश्न बैंक उपलब्ध कराया गया साथ ही जिले द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन क्लासेज के यूट्यूब लिंक दिए गए ताकि इस लिंक के माध्यम से बच्चे विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की क्लासेस को अटेंड कर सके रिकॉर्डेड क्लास उनको प्राप्त हो सके और उसके माध्यम से वह अपने विषय को बेहतर कर सकें इस पर आवश्यक सहयोग दिया गया,साथ ही आगामी बैठकों में डिप्टी कलेक्टर,डीईओ के द्वारा सभी निजी स्कूलों को जहां सीजी बोर्ड की कक्षाएं संचालित है उनसे वार्तालाप कर मार्गदर्शन दे प्रेरित किया जाएगा जिससे उन स्कूलों का उत्कृष्ट परिणाम मिल सके जिससे शिक्षा में राज्य व जिले बेहतर रैंक हो सके। वहीं शिक्षकों द्वारा मांग की गई है कि जिले द्वारा चलाई जा रही नवाचारी कार्यक्रम जिसमे आवासीय कोचिंग एवं गैर आवासीय जोन वाइज कोचिंग में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी इसका लाभ मिल सके । उक्त बैठक में एपीसी मनोज मरकाम समग्र शिक्षा के द्वारा संबोधित किया गया एवं आकाश त्रिपाठी व्याख्याता सेजस सर्वेश्वर दास तथा नरेंद्र साहू कोऑर्डिनेटर विनोबा एप ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा भी संबोधित किया गया।

# नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने जनहितकारी अभिनव पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 18 जनवरी।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व और नगर निगम जल कार्य विभाग के अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने जनहितकारी अभिनव पहल की गयी है.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल ( एमआईसी) द्वारा विगत बैठक में लिए गए संकल्प के पालन में रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करवाने 8 अभियंताओं को सम्मिलित करते हुए नगर निगम रायपुर के जल बोर्ड का गठन कर दिया है और रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में पेयजल समस्या का समाधान हेतु आवश्यक कार्ययोजना प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अभियंताओं को प्रशासनिक कार्य दायित्व सौप दिए हैं.

नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर पालिक निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम रायपुर में गठित जल बोर्ड में प्रभारी अधीक्षण अभियंता अमृत मिशन मुख्यालय श्री राजेश नायडू को अतिरिक्त प्रभार, प्रभारी अधीक्षण अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना श्री राजेश राठौर को अतिरिक्त प्रभार, प्रभारी कार्यपालन अभियंता योजना शाखा एवं 15वां वित्त आयोग के प्रशासनिक कार्य दायित्व से मुक्त करते हुए श्री अंशुल शर्मा जूनियर को पूर्ण प्रभार, श्री नर सिंग फरेन्द्र कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय एवं फिल्टरप्लांट श्री नर सिंग फरेन्द्र को अतिरिक्त प्रभार,नगर पालिक निगम जोन 8 सहायक अभियंता श्री अनुराग पाटकर को अतिरिक्त प्रभार, अमृत मिशन मुख्यालय उप अभियंता श्री रमेश पटेल को अतिरिक्त प्रभार, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड उप अभियंता श्री योगेन्द्र साहू को अतिरिक्त प्रभार और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड उप अभियंता श्री शुभम तिवारी को नगर पालिक निगम रायपुर में एमआईसी के संकल्प के पालन में के गठित जल बोर्ड में अतिरिक्त प्रभार सौंपा है.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व और नगर निगम जल कार्य विभाग के अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम की एमआईसी द्वारा लिए गए संकल्प के पालन में नगर पालिक निगम रायपुर में गठित जल बोर्ड में सम्मिलित 8 अभियंताओं को आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने,राइजिंगमैन और डिस्ट्रिब्यूशन लाईन का निरीक्षण कर पेयजल नेटवर्क को मानचित्र/ नक्शे में प्रस्तुत करने, नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोनों और वार्डो का भ्रमण कर पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों का चिन्हाँकन कर कारण सहित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों की समस्या के समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का प्रशासनिक कार्य दायित्व सौप दिया है और उक्ताशय के प्रशासनिक आदेश को तत्काल प्रभावशील कर दिया है।

# दिव्यांग् बच्चों में खेल-कूद,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक भावना विकसित करने जिला स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट का किया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी कलेक्टर के दिशा-निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय स्पोर्टस इवेंट, खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन मनोविकास केन्द्र कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम में कुल 130 प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में अस्थि बाधित ताकेश्वरी साहु प्रथम एवं संध्या द्वितीय, अल्पदृष्टिबाधित में सानिया यादव प्रथम एवं लता कंवर द्वितीय, श्रवण बाधित में दिप्ती देवांगन प्रथम एवं तुषार कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार अस्थिबाधित 50 मीटर दौड में प्रथम ताकेश्वरी साहु प्रथम एवं दिव्यांका ध्रुव द्वितीय, श्रवण बाधित में दिप्ती देवांगन प्रथम एवं सानिया द्वितीय स्थान, माध्यमिक स्तर में उत्तरा प्रथम एवं दामिनी द्वितीय स्थान पर रहीं।इसी प्रकार प्रारंभिक स्तर जलेबी दौड़ बालक में खिलेश सेन प्रथम एवं हुसैन साहू द्वितीय स्थान तथा बालिका में ताकेश्वरी साहू प्रथम एवं दिव्यांका ध्रुव द्वितीय स्थान पर रहींमाध्यमिक स्तर बालक में तुषार प्रथम एवं



प्रितम द्वितीय स्थान।बालिका वर्ग में किरण प्रथम एवं छाया द्वितीय स्थान पर रहीं। मटका फोड़ में सानिया प्रथम एवं मुस्कान पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं। थ्रो बॉल मानसिक बाधित में भाव्या प्रथम एवं अर्चना टंडन द्वितीय स्थान पर रहीं। मिश्रित मोती अलग करने में अमीता प्रथम एवं संस्कृति द्वितीय स्थान पर रहीं।इसके आलावा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे,जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा, बीईओ राजेन्द्र टण्डन,द्विव्यांग बच्चों के 20 पालकों के साथ मनोविकास केन्द्र के प्रभारी एवं नोडल अधिकारी सहित 4 बी.आर.पी., फिजियो थैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, 2 मास्टर ट्रेनर्स, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम, 3 पीटीआई,सहायक कार्यक्रम समन्वयक खिलावन वर्मा, मनहरण लाल साहू, जहीर अब्बास,पीएमयू केशव चन्द्रा, योगेन्द्र साहू उपस्थित रहें।

# सतनामी समाज का युवक- युवती परिचय सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री होंगे शामिल

**बलौदा बाजार 18 जनवरी।** सतनामी एवं उत्थान जागृति समिति द्वारा प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी सतनामी समाज के विवाह योग्य एवं युवक- युवतियों का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा होंगे, अध्यक्षता सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, विशेष अतिथि जय बहादुर बंजारे प्रदेश अध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर, प्रमोद शर्मा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, विशिष्ट अतिथि अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष बलौदा बाजार, आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदा बाजार सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा बाजार सुश्री इंदु जांगड़े जिला पंचायत सभापति बलोदा बाजार चरणदास तहर वंश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बलोदा बाजार होंगे। कार्यक्रम में विधवा ,विधुर परित्यगता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं सम्मेलन स्थान पर पंजीयन की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। सम्मेलन सुबह 10:00 से शुरू होकर शाम 5:00 बजे समापन होगी।

### कर्मा पर्व प्रकृति से जुड़ाव और सामूहिक आनंद का उत्सव है: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 18 जनवरी।** कर्मा महोत्सव को छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन लोक पर्वों को सहेजने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कर्मा पर्व प्रकृति से जुड़ाव, आपसी भाईचारा और सामूहिक आनंद का उत्सव है। उक्त आशय के विचार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर जिले के चुनगुड़ी में आयोजित कर्मा महोत्सव में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 172.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने चुनगुड़ी के स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने तथा नगर पंचायत भटगांव के विकास हेतु एक करोड़ रुपये की घोषणा की।


**न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला- दुर्ग**

मामला क्रमांक/202512100700127/ अ-6 अ/2025-26

**उद्‌घोषणा**

एत द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका ममता साहू पति श्री राजेन्द्र कुमार साहू, निवासी- क्वा.नं. 20 बी, सड़क 37, सेक्टर 4, वार्ड नं. 43. भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदिका अपने एवं अपने पुत्र रूमित कुमार साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू के शामिल शरिक नाम हक व कब्जे की भूमि मौजा रिसाली, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 34/18 रकबा 0.0203 हे. भूमि है। उक्त वर्णित भूमि को आवेदिका के द्वारा पूर्व विक्रेता अंगारक देव देशमुख, पिता मोहित कुमार देशमुख द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27/06/2025 के द्वारा क्रय किया गया है। पंजीकृत विक्रय विलेख में खसरा नं. 34/12 शामिल खसरा नं. 36/1 दर्ज है। जिसका नामांतरण पश्चात आवेदिका के शामिल नाम से जारी खसरा नंबर 34/18 रकबा 0.0203 हे. में शामिल खसरा नं. 36/1 दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 19/1/26 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग


# टीपावन में जल संरक्षण रैली निकाली और सभी लोगों को पानी बचाने के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 जनवरी।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पलारी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत टीपावन के शासकीय हाई स्कूल परिसर में स्कूली विद्यार्थियों के साथ जल संरक्षण रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को जल के महत्व से अवगत कराना तथा भविष्य में जल संकट से बचाव हेतु व्यवहारिक उपायों की जानकारी देना रहा।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जल संरक्षण से संबंधित संदेशों की तख्तियां लेकर रैली निकाली और जल है तो कल है, आज बचाएंगे जल, तभी बचेगा कल÷ जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जल के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं जल के अपव्यय को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्षा जल संग्रहण, घर-घर जल बचत, पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में जल बचाने की आदतें अपनाने एवं परिवार व समाज में जल संरक्षण का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौर, राजकुमार कोसले,प्राचार्य रामकुमारी पटेल, संकुल केंद्र समन्वयक कृष्ण कुमार फेकर सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सीएम साय ने पीएम आवास योजना के हितग्राही के घर जाकर जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्री कालीचरण के निवास पर पहुँचकर उनके पक्के आवास का निरीक्षण किया और परिवारजनों से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री का अपने घर पर आगमन पाकर हितग्राही एवं उनके परिजन भावविभोर दिखाई दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहज और स्नेहपूर्ण वातावरण में परिवार से बातचीत करते हुए उनकी दिनचर्या, आवश्यकताओं और आवास मिलने के बाद जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने बातचीत के दौरान हितग्राही कालीचरण से आवास प्राप्ति से पूर्व उनके जीवन के अनुभवों को भी जाना। उन्होंने पहले कच्चे मकान में रहने के दौरान आने वाली कठिनाइयों, बरसात और मौसम की मार, सुरक्षा की चिंता तथा सामाजिक असहजता के बारे में विस्तार से सुना। हितग्राही ने बताया कि पक्का आवास मिलने से न केवल उनका जीवन सुरक्षित हुआ है, बल्कि आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मूल उद्देश्य यही है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी बुनियादी आवश्यकता से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पक्का घर केवल चार दीवारें और छत नहीं, बल्कि वह परिवार के लिए सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन की नींव होता है। सरकार की




प्राथमिकता है कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास÷ के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ ज़मीन पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और पात्रता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि सही हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुँचे। सरकार निरंतर यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राही परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि उनके प्रभाव को लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष रूप से देखना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदनशीलता, ईमानदारी और तत्परता बनाए रखें, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँच सके।



# सूरज की तपन तुमसे बर्दाश्त नहीं होती... एक मोम के पुतले सा किरदार तुम्हारा है...

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है, सूत्रों की मानें तो अध्यक्ष दीपक बैज को हटा टी एस सिंहदेव बाबा और उमेश पटेल बाबू के नाम चर्चा में हैं। कुछ प्रदेशों में अध्यक्ष बदलने की हाई कमान की इच्छा है, इसमें छ्ग का भी नाम है, छ्ग के कॉंग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को हटाने की चर्चा पहले से ही है। सूत्रों की मानें तो पूर्व डिप्टी सीएम तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी एस सिंहदेव भी पार्टी कमान सम्हालने तैयार हैं, वे अपनी इच्छा भी जाहिर कर चुके हैं, इधर पूर्व सीएम भूपेश बघेल चाहते हैं, पिछड़े वर्ग के विधायक, पूर्व मंत्री उमेश पटेल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाये, क्योंकि छ्ग के जाति समीकरण में भी उमेश उपयुक्त हैं पर एक वर्ग इसका विरोधी भी है, वह चाहता है किसी वरिष्ठ नेता कोअध्यक्ष बनाया जाए ताकि वह पुराने-नये लोगों को साथ लेकर चल सकेज?

### एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी प्रमोशन जल्दी...

छ्ग में एडीजी, डीआईजी, एसएसपी के लिये डीपीसी जल्दी पूरी हो जाएगी, हाल ही में डीपीसी में शराब 6 हजार के शराब घोटाला मामले में 4 आईपीएस को केंद्रीय जाँच एजेंसी द्वारा 17 ए के तहत नोटिस देने को लेकर निर्णय नहीं हो पाया था, पर अब तय हो गया है, एक महिला आई पीएस जिनकी विभागीय जाँच हो रही है उन्हें छोड़ 3 को डीपीसी में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में 2001 बैच के आईपीएस डॉ आनंद छाबड़ा को एडीजी, 2008 बैच आईपीएस प्रशांत अग्र वाल, नीतू कमल, डी.श्रवण, मिलना कुर्रे को आइ (पारुल माथुर को छोड़कर) 2012 बैच के 7



आईपीएस आशुतोष सिंह, विवेक शुक्ला, रजनेश सिँह, शशिमोहन सिंह, राजेश कुकरेजा, राजेश अग्र वाल, विजय अग्रवाल, राम कृष्ण साहू को डीआईजी, 2013 बैच के 4 आईपीएस जितेंद्र शुक्ला, मोहित गर्ग, अभिषेक पल्लव, भोजराम पटेल को सलेक्शन ग्रेड यानि एसएसपी पदोन्नत किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ का पहला पुलिस कमिश्नर कौन?...

पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था लागू होने से पहले गृहविभाग में मंथन तेज हो गया है। राय पुर के पहले पुलिस कमिश्नर के लिए बिलासपुर के आईजी संजीव शुक्ला के साथ 3 और नाम सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। इनमें आइपी एस बद्री नारायण मीणा, राम गोपाल गर्ग, दीपक कुमार झा शामिल हैं। बद्री मीणा पूर्व में रायपुर एसएसपी रह चुके हैं और प्रशासनिक अनुभव के साथ सख्त कानून-व्यवस्था नियंत्रण के लिए जाने जाते हैं। वहीं दीपक झा भी फील्ड पोस्टिंग अनुशासनात्मक कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं। राम गोपाल गर्ग को भी छ्ग का अच्छा खासा अनुभव है।पहले, आईपीएस अजय यादव, सुंदरराज पी, अमरेश मिश्रा समेत कुछ अन्य नाम भी कमिश्नर की दौड़ में शामिल रहे हैं।पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुता बिक ऐसे अधिकारी को कमि श्नर(ओएसडी) बनाना चाहती है, जो व्यवस्था के शुरुआती दौर में मजबूती से स्थापित कर सके। चर्चा है कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने रायपुर पुलिस कमिश्नर बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। पीछे कारण कमिश्नर के सीमित अधिकार क्षेत्र बताए जा रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत कमिश्नर का अधिकार केवल शहरी क्षेत्र तक सीमित रहेगा, जिसमें करीब 22 थाने शामिल होंगे, जबकि शेष ग्रामीण क्षेत्र के 11 थानों के लिए एसएसपी तैनात करने की अलग व्यवस्था होगी।राय पुर में पुलिस कमिश्नरी की घोषणा सीएम विष्णुदेव साय ने करीब छह महीने पहले की थी। वरिष्ठ प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में गठित टीम ने ओडिशा, महाराष्ट्र, उप्र और मप्र सहित 6 राज्यों की व्यवस्था का अध्ययन किया था। तैयार ड्राफ्ट को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है और 23 जनवरी से रायपुर में नई व्यवस्था लागू होगी। इसी दिन कमिश्नर कार्यालय के उद्घाटन की संभावना है।




### 256 नक्सली मारे गये हैं पिछले 5 सालों में...

2021-2025 के बीच बस्तर संभाग में अलग-अलग मुठ भेड़ों में 256 नक्सली मारे गए, जबकि इस दौरान 23 जवानों ने देश की सुरक्षा में अपनी शहादत दी, कुर्बानियों के बाद हालात पहले जैसे नहीं रहे।नक्सली घटनाओं, आईईडी ब्लास्ट, नागरिकों की हत्या के मामलों में साफतौर पर कमी आई है, लगातार सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमि नेशन और खुफ्यिा इनपुट के आधार पर कार्रवाई से नक्स लियों का नेटवर्क बिखरता नजर आ रहा है, कई इलाकों में नक्सली या तो गिरफ्तार किए जा रहे हैं या फ्रि सरेंडर कर रहे हैं।गांवों में अब तो दहशत नहीं दिखती, विकास कार्यों की रफ्तार भी बढ़ी है। वैसे खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, हथियार अब भी चुनौती बना हुआ है।हालांकि सुरक्षा एजेंसियां मानती हैं कि नक्सली पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं, कुछ माओवादी गुटों के पास अब भी ऑटोमैटिक हथियार मौजूद हैं।इसी वजह से सुरक्षाबल किसी तरह की ढिलाई के मूड में नहीं हैं, ऑप रेशन लगा तार जारी हैं, हर मूवमेंट पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### एक और कांग्रेसी विधायक जेल गये.. जमानत भी...

जैजैपुर से कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू को धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट ने 22 जन वरी तक के लिए जेल भेज दिया था।बाद में उनकी जमा नत भी हो गई है, यहां यह बताना जरुरी है कि भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव भी जेल जा चुके हैं पूर्व मंत्री और विधायक क़वासी लखमा काफी दिनों से जेल में हैं।विधायक बालेश्वर साहू पर एक किसान से 42 लाख 78 हजार ? ठगने का आरोप है। विधायक ने अपने सहयोगी गौतम राठौर के साथ मिलकर किसान राजकुमार शर्मा को लोन दिलाने का झांसा देकर 10 ब्लैंक चेक लिए, फर्जी हस्ताक्षर कर पैसे निकाल लिये।यह मामला 2015 से 2020 के बीच का है बालेश्वर साहू बम्हनीडीह सहकारी बैंक में मैनेजर थे, राठौर विक्रेता के रूप में कार्यरत था। दोनों ने मिल किसान क्रेडिट कार्ड से लोन दिलाने का बहाना बना किसान से 10 ब्लैंक चेक ले एचडीएफ्सी बैंक में 2 नए खाते खुलवाए।चेकों पर फर्जी हस्ताक्षर, अंगूठा लगा, उन्होंने धीरे-धीरे किसान के खाते से 42लाख 78 हजार ? निकाल लिए। पहली निकासी15 जन वरी 2015 को 51 हजार ? की हुई थी।वैसे विधायक तो साजिश का आरोप लगा रहे हैं।

### चूहे धान खा रहे हैं, पक्षी चोंच मार रहे हैं?...

छत्तीसगढ़ जिसे गर्व से देश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है अब एक ऐसे कटोरे में बदलता दिख रहा है जिसमें धान नहीं टिकता, बस गायब होता है।हर घंटे एक ट्रक भर धान लापता हो रहा है। सर कारी तौर पर बताया जाता है कि उसे चूहे खा रहे हैं, पक्षी चोंच मार ले जा रहे हैं, दीमक चबा रही है और हवा सुखा रही है।भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस मसले पर दिलचस्प टिप्पणी की है कि बिल्ली की व्यवस्था सरकार करेगीज?लेकिन आंकड़े इशारा करते हैं कि यह सिर्फ प्रकृति की भूख नहीं, बल्कि व्यवस्था की भी भूख है और वह कहीं ज्यादा संगठित है।सचमुच ऐसा है, तो छत्तीसगढ़ अब



देश का ÷धान का कटोरा÷ नहीं रहा यह देश का पहला प्राकृतिक संग्रहालय बन गया है, जहां चूहे करोड़ों खाते हैं? पक्षी ट्रक उड़ाते हैं?दीमक विभा गीय फाइलें कुतरती हैज.?कवर्धा में चूहे 7 करोड़ का 26 हजार क्विंटल धान खा गये, जांजगीर, महासमुंद, जश पुर आदि से भी कुछ ऐसी ही खबरें आ रही है।

### और अब बस...

- लीथियम खदान नीलामी वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य बना।
- आयुष्मान योजना में वर्त मान में निजी अस्पतालों का करीब 2100 करोड़ ? का क्लेम लंबित है। 600 करोड़ ? पिछले तीन माह के हैं, करीब1500 करोड़, कांग्रेस शासनकाल के बताए जा रहे हैं।
- छत्तीसगढ़ विस चुनाव 2023 में जीत हासिल करने वाले 90 विधायकों में 17 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी थी।
- सौम्या चौरसिया अब शराब घोटाला में इओडब्लू की रिमांड पर है।

---

## एक नजर

### बीजापुर में 100 घरों को तोड़ना प्रशासनिक आतंकवाद : बैज

**रायपुर, 18 जनवरी।** बीजापुर जिला मुख्यालय में भाजपा सरकार के द्वारा अतिक्रमण के नाम पर 100 से ज्यादा घरों पर बुलडोजर चलाये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ शासन की बीजापुर जिला मुख्यालय में हुई बुलडोजर कार्रवाई को संवेदनहीनता और प्रशासनिक आतंकवाद है। तोड़े गये घर उन लोगों के घर हैं जो अंदरूनी गांवों से नक्सलियों से जान बचाकर विस्थापित हुए हैं जिनमें लगभग 25 मकान डीआरजी जवानों के हैं जिनमें कुछ नक्सलियों से लोहा लेने जंगलों में हैं और उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी बच्चों को सड़कों पर तड़पने छोड़ दिया गया है, 10 से 15 घर ऐसे हैं जिन्होंने नक्सलवाद को छोड़ मुख्य धारा में खुद को शामिल किया है, दीपक बैज ने बताया कि 45 से 50 मकान में रहने वाले परिवार वे लोग हैं जो नक्सल पीड़ित हैं जिन्होंने अपनों को नक्सल हिंसा में खोया है और खुद की जान बचाकर जिला मुख्यालय में जीवन जीने मजबूर हैं और जो चाह कर भी अंदर अपने गांव नहीं लौट सकते ऐसे परिवारों पर सरकार का बुलडोजर चलना महा पाप से कम नहीं है इसकी जितनी निंदा की जाए कम है तत्काल इनके लिए राज्य सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

### धान खरीदने से बचने रकबा सरेंडर व टोकन रद्द कर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा

**रायपुर, 18 जनवरी।** किसानों के जबरदस्ती रकबा सरेंडर एवं टोकन रद्द करने को भाजपा सरकार का किसान विरोधी चरित्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार 3100 रु. क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी से बचने जबरदस्ती रकबा सरेंडर एवं पूर्व से कटे टोकन को निरस्त कर रही है। भाजपा की नीयत में खोट है धान खरीदी में अभी 12 दिन शेष है, लेकिन व्यवस्था भयानक खराब है। किसान आज भी धान बेचने संघर्ष कर रहे है। भाजपा धान खरीदी के मनगढ़ंत झूठे आंकड़े जारी कर भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में धान खरीदी मंडी को भी ठेका में दे दिया गया है। जांजगीर चांपा के नवागढ़ ब्लाक के कीरित में 7 रु. प्रति क्विंटल पर ठेका में धान खरीदी की जा रही, ठेकेदार किसानों से 40 किलो से ज्यादा धान तौल कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे है। मगरलोड बिरझूली के भाजपा कार्यकर्ता के 12 एकड़ का टोकन बिना जानकारी के सरेंडर कर दिया गया, वो सह परिवार आत्मदाह की चेतावनी दे रहा है। धान खरीदी केंद्रों में पहले से खरीदी हुई धान कस्टम मिलिंग नहीं होने के कारण जाम हो गया है, जिसके चलते किसान धान नहीं बेच पा रहे है। पूरे प्रदेश में सरकार किसानों के खलिहान ब्यारा की चेकिंग कर रही है आखिर भाजपा सरकार किसानों को कितना प्रताड़ित करेगी।

### निधन

### अलख राम चंद्रवंशी



**रायपुर, 18 जनवरी।** हरिभूमि समाचार पत्र मीडिया समूह में कार्यरत प्रदीप चंद्रवंशी के पिता अलख राम चंद्रवंशी उम्र 94 वर्ष का आज निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार गृह जिला कवर्धा के रुसे गांव में किया जायेगा।

## कांग्रेसियों ने कोतवाली के बाहर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**हनुमान जी की तस्वीर वाली पतंग उड़ाने का विरोध, भाजपा के खिलाफ थाना घेराव**



**रायपुर, 18 जनवरी।** कांग्रेस नेताओं ने आज कोतवाली थाना के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा के खिलाफ थाने का घेराव किया। कांग्रेसी अहमदाबाद में हिंदू धर्म के पवित्र त्योहार मकर संक्रांति पर नरेंद्र मोदी एवं जर्मनी देश के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ जो मांसाहारी है द्वारा हमारे आराध्य देवता हनुमान जी को पतंग बना कर उड़ाने की अपमानजनक घटना तथा बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी द्वारा गौ माता की प्रजाति में विभाजन कर मिथुन प्रजाति की गौ माता को खाने की सहमति देने के बयान का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कोतवाली गोलबाजार थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेमन, ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, देवेन्द्र यादव, बंशी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## दिव्यांग स्कूल में बीपी, शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट वितरित



**रायपुर, 18 जनवरी।** जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर, विजय चोपड़ा व चन्द्रेश शाह ने छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित प्री प्रायमरी विशेष स्कूल में दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करने मुलाकात की। दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल में 54 बच्चे जीवन में आगे बढ़ने प्रयासरत हैं। बच्चों के पालक उन्हें प्रतिदिन लेकर आते हैं, स्कूल में दिव्यांगों की विशेष शिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग होती हैं। बाल कल्याण परिषद के महासचिव चन्द्रेश शाह ने बताया कि दिव्यांगों में विशेष ईश्वरीय शक्ति होती है, शरीर व मस्तिष्क में कुछ कमी होती है तो कुछ विशेष शक्ति भी होती है। 13 वर्षीय काव्यांश कुर्रे से आप कोई भी दिनांक बोलिये वह आपको उसका वार तुरंत बता देगा, कौन सी डेट में कौन सा दिन होगा इसका तुरंत जवाब सुनकर सभी हैरान रह जाते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट की ओर से इन बच्चों की जांच के लिए बी पी शुगर टेस्टिंग मशीन स्कूल को प्रदान की गई। और समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बी पी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं।

## भाममो ने मप्र के विधायक पर एफआईआर दर्ज करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 18 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ किरण बघेल, शताब्दी पांडे व महिला मोर्चा की पूरी टीम आज मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर एसपी ऑफिस कलेक्ट्रेट में शिकायत दर्ज कराई।

भाजपा महिला नेत्रियों ने ज्ञापन में कहा है कि अजा-अजजा एवं पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अश्लील टिप्पणी कर दतिया (मप्र) के कांग्रेस विधायक बरैया ने समस्त नारी-शक्ति का अपमान किया है। ज्ञापन में बरैया के अजा-अजजा व पिछड़ा वर्ग की महिलाओं व बच्चियों के साथ होने वाले बलात्कार को धर्मग्रंथों से जोड़कर की गई टिप्पणी को अश्लीलता की पराकाष्ठा बताते हुए



भाजपा महिला मोर्चा ने कहा है कि इस तरह की टिप्पणी एक सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है। भाजपा महिला मोर्चा ने आरोपी कांग्रेस विधायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं व एससी-एसटी एवं ओबीसी कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## प्रदेश युवक कांग्रेस महासचिव ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**रायपुर, 18 जनवरी।** प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव एवं रायपुर जिला प्रभारी राकेश पाण्डेय का रायपुर आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन उन्होंने रायपुर जिला शहर युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

दूसरे दिन रायपुर शहर की तीनों विधानसभा–उत्तर, पश्चिम और दक्षिण–में संगठन स्तर पर अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया गया तथा संगठन के कार्यक्रमों को लेकर प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की गई। बैठकों में प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार मेनन, जिला पदाधिकारी, सह प्रभारी तथा विधानसभा अध्यक्षों की प्रमुख उपस्थिति रही। संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।



### किसानों के घर-घर जाकर धान सत्यापन की कार्रवाई की निंदा

**रायपुर, 18 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के घरों में जाकर धान का सत्यापन करने की प्रक्रिया पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने गहरी आपत्ति जताई है। राज्य में बाकायदा गिरदावरी पूरी हो चुकी है, एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन हो चुका है और सोसाइटी में टोकन भी कट चुका है। इन सभी औपचारिकताओं के बाद भी सरकार के अधिकारी किसानों के घर पहुंचकर धान की जांच कर रहे हैं।यह कार्रवाई किसानों की मेहनत और सम्मान पर सीधा प्रहार है। क्या किसान चोर हो गए हैं? क्या उनकी मेहनत से उगाई गई फसल पर अब शक किया जा रहा है? भाजपा सरकार की यह नीयत किसानों को अपमानित करने और उन्हें संदिग्ध ठहराने की लग रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि यदि सरकार के पास किसानों के समर्थन मूल्य पर पर धान खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है या भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर ऐसी अनावश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं, तो यह किसानों के साथ धोखा है।पिछली कांग्रेस सरकार में धान खरीदी पारदर्शी और किसान-हितैषी रही है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियां किसानों को परेशान कर रही हैं। ऑनलाइन टोकन सिस्टम में देरी, खरीदी केंद्रों पर भीड़ और अब घर-घर सत्यापन जैसी प्रक्रियाएं किसानों का घोर अपमान है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे मांग करता है कि:घर-घर सत्यापन की इस अपमानजनक प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए।गिरदावरी और टोकन के आधार पर ही धान खरीदी की जाए।किसानों को समय समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराई खून जांच



**रायपुर, 18 जनवरी।** बालाजी गार्डन सोसायटी फाफाडीह में पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के नेतृत्व में डॉक्टर लाल पैथ लैब द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 51 लोगों ने अपने खून की जांच कराई। इस अवसर पर रमेश आहूजा वरिष्ठ नागरिक दिलीप अग्रवाल, राम अवतार डोलावत, योगेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, और रतन अग्रवाल सहित डॉ लाल पथ लब के जो कर्मचारी है वह उपस्थित थे और रमेश आहूजा ने सभी को लाल डॉक्टर वालों को और नागरिकों को धन्यवाद दिया।

## स्काउट व गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त का स्वागत



**रायपुर, 18 जनवरी।** भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी दूधली बालोद छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय मुख्य आयुक्तश्रीमान के. के.खंडेलवाल का भव्य स्वागत किया गया जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष स्वामी जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला द्वारा रायपुर माना एयरपोर्ट पर के के खंडेलवाल का भव्य स्वागत सम्मान के साथ जंबूरी स्थल तक लाया गया उन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति वेशभूषा यहां के पारंपरिक व ऐतिहासिक जगह के बारे में जानकारी दी गई साथ ही छत्तीसगढ़ के व्यंजन का भी स्वाद करवाया गया उद्बोधन में प्रदेश भर से आए हुए सभी स्काउट गाइड प्रभारी व बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## एशिया के सबसे स्ट्रांगमैन मनोज चोपड़ा पहुंचे ठाकरे परिसर

**रायपुर।** एशिया के सबसे ताकतवर व्यक्ति में शुमार रायपुर निवासी मनोज चोपड़ा विख्यात मास्टर मार्शल आर्ट ट्रेनर दिलीप कुमार (बिलासपुर), आत्मरक्षा प्रशिक्षिक रोशनी सिंह, आत्मरक्षक ट्रेनर एंड मैनेजमेंट सिद्धार्थ प्रताप सिंह (प्रयाग) ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन किया तथा शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से आत्मरक्षा के तरकीब सिखये। रोशनी सिंह ने महिला कर्मचारियों को प्रतिकूल परिस्थितियों में आत्म रक्षा के गुर सिखाये। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने सभी का सम्मान किया।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26